# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 13 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 01 जनवरी 2025 पृष्ठ -8 ■मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com





छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन के सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं, शुभचिंतकों एवं आलोचकों को नए वर्ष की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं।

संपादक

## महेशपुर में नववर्ष पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** सरगुजा जिले के प्रखंड उदयपुर अंतर्गत पुरातत्व धरोहर स्थल महेशपुर में जय श्री महाकाल सेवा संगठन के द्वारा 24 घंटे के लिए अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ 31 दिसम्बर को किया गया, इसका समापन अंग्रेजी नव वर्ष में होगा। संगठन के द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन पिछले वर्ष से युवाओं में सेवाभाव व धर्मरक्षा जागरण करने के लिए किया जा रहा है।

पुरातत्व धरोहर से परिपूर्ण महेशपुर सरगुजा जिले के उदयपुर मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर मतरिंगा रोड पर स्थित है। यहां पर प्राचीन मूर्तियां, शिवलिंग लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहती है, जहां हर वर्ष शिवरात्रि के मौके पर मेला लगता है। यह स्थल रेणुका नदी के किनारे स्थित है। नदी के किनारे में लकड़ी का खूबसूरत रिसोर्ट भी बनाया गया है, लेकिन देख-रेख नहीं होने के कारण मूर्तियों पर लगातार चोरों की नजर रहती है। बता दें कि वर्ष के समाप्ति व आरंभ के समय ज्यादातर लोग नववर्ष पर शराब के नशे में मदमस्त होकर जश्न मनाते हैं। इससे दुर्घटना व जान-माल के नुकसान की संभावना बने रहती है। वहीं जय श्री महाकाल सेवा संगठन के लोग वर्ष के अंतिम दिन भक्ति भाव में डूबे नजर आते हैं। इनके द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं। संगठन के द्वारा आयोजन के माध्यम से वर्ष की विदाई और अंग्रेजी नव वर्ष की बेला पर नशे से दूर रहने और भक्तिभाव में रमे रहने का संदेश देने का प्रयास किया जाता है, ताकि नई पीढ़ी इसका अनुसरण करे। इस मौके पर उदयपुर, लखनपुर, अंबिकापुर तक से लोग पहुंचने लगे हैं।

# दंतैल हाथी 07 घरों का दिवाल गिराकर गाय को मार डाला, दो दिनों में 12 घर तोड़ा



**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही।** दंतैल हाथी इन दिनों ग्राम सारसताल में कुछ ऐसा तांडव मचा रखा है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी ने दो दिन में 12 घरों को तोड़ डाला है, वहीं पूर्व में गांव के फूलसाय राजवाड़े को मार डाला था।

जानकारी के मुताबिक बीती रात लगभग 9 बजे दंतैल हाथी ग्राम सारसताल और आमाडाड़ पहुंच गया। हाथी के आने की आहट मिलने पर लोग जान बचाने के लिए अपने घरों से दूरी बनाने लगे। इधर हाथी ने ईश्वर राजवाड़े पिता बहाल राजवाड़े के घर का दिवाल तीन जगह से तोड़कर गिरा दिया और घर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद दंतैल ने हेमन्त पिता मोतीलाल राजवाड़े के घर का दीवार ढहाया और परछी का पिलर गिरा दिया। उमाशंकर पिता रामभजन राजवाड़े के घर का दिवार दंतैल हाथी उस समय गिराया, जब वह हाथी के आने से बेखबर अपने परिवार के साथ उसी कमरे में सो रहा था। हाथी के द्वारा मकान को क्षति पहुंचाने की आहट लगी और वह आनन-फानन में अपनी बच्ची को लेकर भागा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हाथी दिवाल पर सिर से वार किया तो मिट्टी का मलबा गिरा और उमाशंकर का खाट मलबे के ढेर से टूट गया। इसके बाद परछी की ओर जैसे ही वह पहुंचा, खूंटे से बंधी हुई गाय रस्सी तोड़कर भाग रही थी। गाय कुछ दूर तक पहुंच पाई थी, हाथी उसे दौड़ा कर मार डाला। इसके बाद परसराम पिता शिवरतन के घर का दीवाल तोड़कर हाथी घर में रखे कुछ धान को खा गया। हाथी ने इंद्रमनिया पति नानराम, नान राम पिता घूरन राजवाड़े, देवशरण पिता सुखलाल के घर का भी दिवार तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरा वन अमला मिलकर एक हाथी को संभाल पाने में नकारा साबित हो रहा है, जबकि पूर्व में यहां के स्टॉफ 30 हाथियों के दल को चेरा होते हुए मैनपाट की ओर भगाने जैसी काबिलियत का परिचय दे चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब हाथी आता है तो वन विभाग लाइट बंद करवा देता है। बीती रात जब हाथी गांव में घुसकर घरों को तहस-नहस करने में लगा था, तब लाइट बंद कर दिया गया था, जिससे हाथी कहां है, इसका पता चल पाना नामुमकिन था।

## अंबिकापुर से ग्रामीण को बंधक बनाकर ले गए

# निर्माणाधीन मकान में पिलर से बांधकर की पिटाई, पुलिस ने छुड़ाया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर से एक ग्रामीण को बलपूर्वक ग्राम कांतिप्रकाशपुर ले जाने और निर्माणाधीन एक मकान में पिलर से बांधकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है, रिपोर्ट पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम सोहगा खर्रापारा निवासी जितेन्द्र कूजूर पिता स्व. दिलवेन्द्र कुजूर 30 वर्ष ने कोतवाली थाना अंबिकापुर में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 29 दिसम्बर को वह अपने गृह ग्राम से स्कूटी में महामाया चौक के पास ग्लैक्सी सैलून में लगभग 01.30 बजे दाढ़ी, बाल कलर करा रहा था। इसी दौरान सोहेल बंगाला, सैफ बंगाला दोनों निवासी रसुलपुर मस्जिद के पास अंबिकापुर, मतलुम आलम निवासी अंबिकापुर, शिव कुमार चैहान पिता स्व. लोहार साय निवासी कांतिप्रकाशपुर के अलावा अन्य 2-3 लड़के आए और इकबाल कांतिप्रकाशपुर में बुला रहा है कहते हुए कार में बैठने के लिए कहा। वह उनके साथ जाने से इन्कार किया और अपने दोस्त अकिल को बुलाकर पीछे से आने की बात कहा। इस पर सोहेल बंगाला बोला कि उसका भाई सैफ तुम्हारे साथ मोटरसायकल में बैठ कर जाएगा और जबरदस्ती सैफ बंगाला मोटरसायकल में पीछे बैठ गया। अन्य युवक अपनी कार में मोटरसायकल के पीछे-पीछे आने लगे। कांतिप्रकाशपुर में पहुंचने पर शिव कुमार चौहान के निमार्णाधीन मकान में पुराने जमीन संबंधी क्रय-विक्रय की बात को लेकर गाली-गलौज और विवाद करते हुए पैसे की मांग करने लगे। गाली-गलौज करने से मना करने पर जान से मारकर फेंक देने की बात कहते हुए हाथ-मुक्का से मारने लगे। आरोपियों ने जितेन्द्र का दोनों मोबाइल छीन लिया और जमीन का पैसा देने के बाद छोड़ने की बात कहते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। इनकी हरकतों को देखकर वह बहाना बनाकर अपने दोस्त अकिल का मोबाइल मांगा और डॉयल 112 को फोन किया। डॉयल 112 में पहुंची पुलिस इन्हें समझाकर चली गई। इनके जाने के बाद सभी मिलकर उसे जबरदस्ती कुर्सी में बैठाकर, रस्सी से निमार्णाधीन मकान के पिलर में बांध दिए और मारपीट करने लगे। इसका विरोध करने पर महिलाओं को सामने कर दिए। यह देखकर अकिल फोन करके पुलिस को इसकी जानकारी दिया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाई। जितेन्द्र कुजूर की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 127(2), 296, 3(5), 351(3) का मामला दर्ज कर लिया है।

## नव वर्ष पर हुड़दंग करने की मंशा रखने वाले रहें सावधान

# ब्रेथ ऐनालाइजर के साथ चेकिंग पॉइंट, 35 फिक्स पिकेट व 25 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टी की रहेगी नजर




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नव वर्ष के आगमन पर जिले में कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस तैयार है। अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने मंगलवार को रक्षित केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था में कर्तव्यस्थ पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सघन पेट्रोलिंग कर कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु निर्देशित किया। प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी एवं फिक्स पिकेट को नशे में वाहन चलाने वालों, हुड़दंग करने वालों एवं देर रात तक डीजे के माध्यम से शोर-शराबा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। पेट्रोलिंग पार्टी को शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लगातार भ्रमण करने कहा गया है। कानून व्यवस्था कायम रखने में महिला गश्ती दल 'गूंज टीम' को भी प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। महिलाओ से संबंधित मामलो में महिला गश्ती दल अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। नव वर्ष में सभी प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों, मंदिरों, पार्कों एवं पिकनिक स्थलों में पुलिस बल की पर्याप्त उपलब्धता रखने की जानकारी दी गई। आम नागरिक किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में सरगुजा पुलिस के डॉयल 112 एवं अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से अपनी सूचना दर्ज करा सकते हैं। नव वर्ष के दौरान क़ानून व्यवस्था बनाए रखने 35 फिक्स पिकेट तैनात किए गए हैं एवं 25 से अधिक पेट्रोलिंग वाहनों को जिले में लगातार सुरक्षा व्यवस्था का निर्धारण करने कहा गया है। सड़क दुर्घटना से होने वाली जनहानि की रोकथाम के उद्देश्य से सभी मार्गों में पुलिस बल को ब्रेथ ऐनालाइज़र से सभी वाहन चालकों को चेक करने एवं नशे मे वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। यातायात संबंधी शिकायतों के लिए त्रिनेत्र हेल्पलाइन नंबर 9627344000 के माध्यम से आम नागरिक अपनी सूचना दर्ज करा सकते हैं। सरगुजा पुलिस ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि नशे में वाहन न चलाएं। रेस ड्राइविंग न करें। वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न ना होने दें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करें।

### स्वयं व स्वजनों को सुरक्षित रखकर करें नव वर्ष का स्वागत



पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल ने जिलेवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वयं को एवं अपने स्वजनों को सुरक्षित रखकर नव वर्ष का स्वागत करने की अपील की है और कहा है कि सरगुजा पुलिस आम नागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# 6 राज्यों में 13 करोड़ की ठगी रायगढ़ में 1 करोड़ 12 लाख ऐंठे, 3 आरोपी गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रायगढ़ पुलिस ने कोलकाता से 3 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने 6 राज्यों में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 13 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपए की ठगी की है। ठग शेयर मार्केट में हाई रिटर्न देने का झांसा देते थे। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। जांच में पता चला कि, छत्तीसगढ़ के अलावा तमिलनाडु, मुबंई, केरल, कोलकाता, असम में कुल 9 वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारतीय स्टेट बैंक के 35 खाते, 7 फोन, 1 लैपटॉप, 3 एटीएम, 1 क्रेडिट-कार्ड और 78 लाख चेक की फोटो कॉपी जब्त किया है।


# बिलासपुर में पाराघाट सरपंच पद से बर्खास्त 6 साल तक चुनाव लड़ने पर लगाई गई पाबंदी



**छ.ग.फ्रंटलाइन बिलासपुर।** विकासखंड मस्तुरी के ग्राम पाराघाट के सरपंच को बर्खास्त कर दिया गया है। शासकीय भूमि और आबादी पर कब्जा कराने, शासकीय भूमि पर निर्माण एवं गुंडागर्दी के आरोपो की जांच के बाद शिकायत की पुष्टि होने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई। एसडीएम मस्तूरी द्वारा यह कार्रवाई की गई है। सरपंच के पद पर प्रदीप सोनी कार्यरत थे। धारा 40 के तहत एसडीएम ने कार्रवाई की है। 6 साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लगाई गई है। रासुका के तहत कलेक्टर जिलाबदर की कार्रवाई कर चुके हैं। शासकीय और आबादी भूमि पर कब्जा करवाने सहित कई अपराधों में संलिप्त था। एसडीएम मस्तुरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत पाराघाट के सरपंच प्रदीप सोनी के द्वारा मौजा पाराघाट, पटवारी हल्का न0 22 के शासकीय मद की भूमि खसरा न0 525/1 एवं अन्य शासकीय भूमि मे से लगभग 30-35 एकड़ भूमि को फ्लाई एश से पटाई कर दिया गया है जिससे चारागाह की भूमि समाप्त हो गई है। सरपंच ग्राम पंचायत पाराघाट द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के बनाए प्रावधानों का उल्लंघन कर इस अधिनियम के विरूद्ध कार्य कर रहा है।

# जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 17.50 लाख लेकर धोखाधड़ी करने वाली महिला गिरफ्तार

## कई किस्तों में रकम लेने के बाद रजिस्ट्री में कर रही थी टालमटोल



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जमीन रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी करके 17 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में मणिपुर थाना पुलिस ने आरोपिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपिया के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जप्त कर लिया है।

मणिपुर थाना क्षेत्र के दर्रीपारा निवासी संजय साहू ने न्यायालय में एक परिवाद पेश किया था, जिस पर न्यायालय के द्वारा मामले में प्रथम सूचना दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया। इसी क्रम में प्रार्थी ने थाना मणीपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2020 में गायत्री पटेल 46 वर्ष, निवासी सत्तीपारा ने स्वयं के नाम से खसरा नंबर 146/26 में रकबा 0.057 हे. (सवा 14 डिसमिल) भूमि ग्राम बिशुनपुर थाना व तहसील अम्बिकापुर में होना बताकर विक्रय करने की इच्छा जाहिर की। संजय साहू उक्त भूमि का सौदा करने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद महिला ने पैसा अकाउंट में डाल देने के लिए कहा तो वह बैंक जाकर गायत्री पटेल के खाता में 50 हजार रुपये, इसके बाद महिला के मांग पर कई किस्तों में कुल 17 लाख 50 हजार रुपये भेज दिया। इसके बाद भी महिला रजिस्ट्री या पॉवर ऑफ अटार्नी करने अंबिकापुर नहीं आई और लगातार टाल-मटोल कर रही थी। रिपोर्ट पर थाना मणीपुर में धारा 420 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपिया को विवेचना में सहयोग करने के लिए थाना में उपस्थित होने धारा 41 (द) दं.प्र.सं. का नोटिस दिया। इसके बाद महिला ने विवेचना में सहयोग नहीं किया और थाना में उपस्थित नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपिया गायत्री पटेल 46 वर्ष, निवासी सत्तीपारा अंबिकापुर, वर्तमान ठिकाना आनन्द नगर रेलवे स्टेशन के पास ब्लॉक नंबर 45, ग्राम धोराजी राजकोट गुजरात को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने उपरोक्त जमीन को संजय साहू को विक्रय करने हेतु सौदा तय करके एग्रीमेन्ट कर चाही गई रकम को किस्तों में नगद व अपने खाते में प्राप्त करना व उक्त भूमि की रजिस्ट्री नहीं करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपिया को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक शौकीलाल, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, महिला आरक्षक सुमन कश्यप, सुमन तिग्गा, नीलम यादव, आरक्षक उमाशंकर साहू व साइबर टीम से जितेश साहू सक्रिय रहे।

# ट्रक ने सड़क किनारे बैठे लोगों को रौंदा, 2 बच्चों की मौत, 11 लोग घायल...



**छ.ग.फ्रंटलाइन रायपुर।** सिलतरा इलाके में एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बैठे 13 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं 11 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब तकनीकी खराबी के कारण ड्राइवर ने गाड़ी को सड़क किनारे पार्क कर दिया था। गाड़ी में सवार लोग नीचे उतरकर सड़क किनारे बैठे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे रौंद दिया।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा सोमवार की देर रात करीब डेढ़ बजे के लगभग धरसींवा थाना क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि धमतरी जिले का साहू परिवार नए साल से ठीक पहले अमरकंटक दर्शन करने गया था। रात में अमरकंटक से परिवार के लोग तूफान गाड़ी से वापस धमतरी लौट रहे थे। गाड़ी में महिलाओं और बच्चों को मिलाकर 13 लोग सवार थे। इसी दौरान सिलतरा ओवर ब्रिज के ऊपर गाड़ी में खराबी हो गई। गाड़ी के खराब होने पर चालक उसे बनाने का प्रयास कर रहा था।

वहीं गाड़ी में सवार परिवार के कुछ लोग गाड़ी से नीचे उतरकर सड़क किनारे बैठ हुए थे। तभी रायपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने तूफान गाड़ी और लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि गाड़ी की रिपेयरिंग करने के दौरान कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे। कुछ गाड़ी के अंदर थे। हादसे में दो बच्चे 12 साल की आरध्य साहू और 14 साल की मोनिका साहू ट्रक के टायर के नीचे आ गए।

वहीं करीब 11 लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में लिना साहू, मोनिका साहू, माही साहू, निर्मल साहू, निशा साहू, प्रार्थना साहू, ओम प्रकाश साहू, गीतांजली साहू, प्रेरणा साहू, दीक्षा साहू, कृतेश साहू और ड्राइवर नरोत्तम साहू शामिल है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

# अवैध रूप धान को संग्रहित करते छह सौ बोरी अवैध धान जब्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** राइस मिलों से धान को ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारित किए जाने का सिलसिला अब समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी कार्य के अंतिम दिनों में शुरू कर दिया गया है। इसी तारतम्य में बीती रात ग्राम पंचायत राजापुर में मंडी, राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक मकान में अनलोड करते करीब छह सौ बोरी धान को रंगेहाथ जब्त करने में सफलता प्राप्त की गई है। गौरतलब है कि अंबिकापुर गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखरी निवासी मुकेश गुप्ता पिता संकटा गुप्ता द्वारा अजिरमा स्थित एक राइस मिल से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1181 में करीब छह सौ बोरी धान को लाकर ग्राम पंचायत राजापुर निवासी शिवप्रसाद पिता बालम के खाली पड़े पीएम आवास में बीती रात धान को भंडारित कराया जा रहा था। तभी कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल व सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा के मार्गदर्शन में केशवनगर राजस्व निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी, खाद्य निरीक्षक नितेश कुमार, जयनगर थाना से उपनिरीक्षक सोहन सिंह व मंडी विभाग द्वारा दलबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से धान की अनलोडिंग करा रहे अवैध धान को पकड़ लिया गया। यहां पर अधिकारियों द्वारा कमरे में भंडारित कराए गए धान को जब्ती किए जाने के साथ ही राजापुर सरपंच अमरासो के सुपुर्द कर दिया गया है। जब्त अवैध धान की कीमत करीब आठ लाख रुपए आंकी जा रही है। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त अवैध धान को अजिरमा स्थित एक राइस मिल से यहां लाकर भंडारित किया जा रहा था। ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर शासन द्वारा किए जा रहे धान खरीदी कार्य में इस वर्ष सुरजपुर जिले की अब तक की संभवत: सबसे बड़ी कार्यवाही राजापुर में होने की बात कही जा रही है। मामले में धान अनलोडिंग कर रहे ट्रक को जब्त कर जयनगर थाना में खड़ा कराया गया है। साथ ही मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध धान से भंडारित पीएम आवास को सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कोचियों द्वारा अवैध रूप से राइस मिलों से धान की खरीदी करके ग्रामीण क्षेत्रों में किराए का कमरा लेकर स्टॉक किया जाता है। इसके पश्चात जिन किसानों के पास रिकॉर्ड के अनुसार धान उपलब्ध नहीं होने पर उन्हीं के खाते में उक्त अवैध धान को समितियों में खपा मोटी रकम की कमाई की जाती है।



**किराए पर लिया था पीएम आवास**

अवैध धान जब्त होने उपरांत जांच में यह बात सामने आई कि कोचिया मुकेश गुप्ता द्वारा राजापुर गांव के शिवप्रसाद पिता बालम के खाली पड़े पीएम आवास को किराए पर लिया गया था। शिवप्रसाद ने बताया कि मेरे द्वारा किराए में आवास को महीने भर पूर्व ही किराए पर दिया गया था। यहां पर कब और कैसे धान को भंडारित कराया गया, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कोचिया मुकेश गुप्ता द्वारा पूर्व में भी संभवत: इस तरह के अवैध कार्य को अंजाम दिया गया होगा, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लग सकी।

**समिति प्रबंधकों से साठगांठ का आरोप**

ग्रामीणों ने बताया कि जब समिति प्रबंधकों से साठगांठ होगा तभी तो इस तरह के अवैध धान को खपाने की कार्यवाही की जा सकेगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्र प्रभारियों की भूमिका भी संदिग्ध है, जो कि कोचियों के धान को आसानी से खपा दिया जाता है। यह सिलसिला वर्षों से चल रहा है। किसानों को बेवजह परेशान करके कोचियों के माध्यम से धान खरीद कर शासन के राजस्व को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जाता है।

## एसडीएम ने किया 6 सौ बोरा अवैध धान ज़ब्त



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर अवैध धान परिवहन व भंडारण को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत एस.डी.एम. श्रीमती शिवानी जायसवाल, खाद्य एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा 01 ट्रक में 600 बोरा धान ज़ब्त कर थाना जयनगर को सुपुर्द किया गया है। इसमे से कुछ धान के बोरे राजापुर निवासी के गोदाम पर खाली किया गया था और मौके पर कुछ बोरा ट्रक पर ही पाया गया। प्रकरण की जाँच की जा रही है और मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

# सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने साल 2024 के अंतिम दिवस को सेवानृवित्त होने वाले शिक्षक एवं भृत्य को सेवानृवित्ति तिथि को ही पेंशन आदेश प्रदान किया। उन्होंने उनके सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारियों के जीवन में बहुत अच्छा करने की इच्छा होती हैं, किंतु समय के अभाव के कारण नही कर पाते हैं, इसलिए अब आपकी जो रूची है उस ओर आगे बढ़ते हुए समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। सेवानिवृत्त होने वाले श्री शिव कुमार यादव 07 अक्टूबर 1986 से शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ करते हुए 31 दिसम्बर 2024 को प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त हुए। वहीं श्रीमती सुसन्ना तिर्की ने 01 जुलाई 1989 से लगभग 35 वर्ष भृत्य के रूप में सेवा दी। कलेक्टर श्री कटारा ने दोनों कर्मचारियों को आगामी जीवन की शुभकामनाएं दीं।



पेंशन प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी श्री संतोष सिंह ने बताया कि कर्मचारी यदि अपनी सेवा पुस्तिका की जांच कराते रहें और समय पर पेंशन फार्म भर कर कार्यालय में जमा कर दें तो पेंशन आदेश जारी होने में विलंब नहीं होता है। कर्मचारी अपने नाम का मिलान अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक से जरूर कर लें ताकि पेंशन के समय कोई समस्या न आये।

## सौतेले पिता ने 12 वर्षीय बच्ची के साथ किया बलात्कार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**रामानुजगंज।** सनावल थाना अंतर्गत एक पिता ने अपनी 12 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिका के पिता की पांच वर्ष पहले बीमारी से मृत्यु हो गई थी जिसके बाद दो वर्ष पूर्व पीड़िता की मां से आरोपी पिता ने चूड़ी विवाह करके 04 बच्चों के साथ अपने घर लेकर आया था , लेकिन पिता की अपनी 12 वर्षीय सौतेली पुत्री पर ही नियत खराब हो गई 29 दिसंबर 2024 को दोपहर में प्रार्थीया की सबसे छोटी लड़की घर पर नही थी जिसे ढूंढने के लिए वह घर से कुछ दूर पर स्थित तालाब के पास पहुंची तो आरोपी पिता नाबालिग लड़की के कपड़े उतारकर उसके साथ जबरन बलात्कार कर रहा था, जिसे देख कर पीड़िता की मां बच्ची को पिता के चंगुल से छुड़ाकर अपने साथ घर लेकर आई,रात में आरोपी पिता पुन: पीड़ित बच्ची को अपने साथ कमरे में लेकर गया और फिर जबरदस्ती बलात्कार कर फरार हो गया था,पीड़ित बालिका की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पिता के विरुद्ध अपराध क्रमांक 61/24 धारा 64(2) एफ 65(2) बीएनएस 04,06 पास्को एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर सौतेले पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## नगरीय निकाय चुनाव हेतु कांग्रेस पार्टी ने अजय सोनी को सौंपा दायित्व

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**रामानुजगंज।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 हेतु प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार सोनी को नगर पंचायत राजपुर का बेहतर चुनाव परिणाम हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया है। गौर तलब है कि अजय कुमार सोनी कांग्रेस पार्टी के कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाते हुए आज बलरामपुर रामानुजगंज जिले के जिला उपाध्यक्ष के पद पर मुकाम हासिल की है। रामानुजगंज निवासी अजय कुमार सोनी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाईयों में सुमार है और इनका खुद का ज्वेलरी शॉप होने के कारण इनकी अच्छी पैठ एवं पहुंच हैं,इनको चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित शुभचिंतकों ने इनको बधाई भी दी है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने अजय कुमार सोनी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए राजपुर क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बैठक के माध्यम से आगामी नगरीय निकाय चुनाव मे बेहतर परिणाम हेतु कार्य करने को निर्देशित किया गया है। संगठन की ओर से मिले दायित्व के संबंध में अजय कुमार सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा जो दायित्व हमे सौंपा गया है उसको पूरा निष्ठा के साथ निभाते हुए बेहतर परिणाम देने का मेरा भरपूर प्रयास रहेगा।



# करवां में पंचायत स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में सरकारीपारा ने मारी बाजी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजनों को कराए जाने से छिपी प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है। खिलाड़ियों ने यहां पर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सच्चे खिलाड़ी होने का परिचय दिया है। उक्त बातें ग्राम पंचायत करवां में आयोजित पंचायत क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर करवां सरपंच प्रतिनिधि ललन सिंह मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे गांव के युवाओं द्वारा इस तरह के आयोजन करा क्षेत्र का नाम रोशन किए हैं। आज के युवाओं में नशे की लत काफी बढ़ती जा रही है, जिससे हमें दूर रहकर बेहतर समाज व गांव का निर्माण करने दृढ़ संकल्प लेना है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ललन सिंह समेत अन्य अतिथियों मो.शमीम, मो.जैनुल, सीताराम कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, जयंत जायसवाल, सचिव मदन राजवाड़े का आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। स्पर्धा में फाइनल मैच सरकारीपारा व पडकीपारा के मध्य खेला गया, जिसमें सरकारीपारा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर विजेता का खिताब हासिल कर लिया है। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ललन सिंह द्वारा विजेता टीम को पांच हजार रूपए नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज अरुण सिंह व बेस्ट बैट्समैन दुष्यंत थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास कुशवाहा, अरुण सिंह, प्रज्ञा कुशवाहा, अनुराग, अपगुल, इकबाल, आकाश व अन्य सक्रिय रहे।




# सेवानिवृत्त कोलकर्मियों को दी गई विदाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन एसएन कापरी आज वर्ष के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए हैं। वहीं बिश्रामपुर क्षेत्र में दिसंबर माह में 28 कर्मचारी आज सेवानिवृत्त हुए हैं। बिश्रामपुर ओसीएम आमगांव सहक्षेत्र कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में मेकेनिकल फोरमैन जानकी प्रसाद और मेकेनिकल फीटर महेश प्रसाद को विदाई समारोह का आयोजन कर दोनों को विदाई दी गई। इस अवसर पर सह प्रबंधक ओसीएम आमगांव अवधेश झा और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। वहीं कुमदा सहक्षेत्र में कार्यरत सात कर्मियों क्रमश: अजय कुमार सिंह, कौशल राजवाड़े, आनंद प्रसाद, लिखन राम, गणेश राम, योगेन्द्र चौधरी को आज सहक्षेत्र कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सम्मानित कर उन्हें विदाई दी गई।इस दौरान सेवानिवृत्त कामगारों को प्रबंधन ने शाल श्रीफल सहित उनके सकल देयकों के भुगतान सहित पेंशन स्वीकृति आदेश देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने वाला विदाई समारोह की व्यवस्था पिछले करीब एक वर्ष से बंद हो जाने के बाद प्रबंधन ने इस माह से नया आदेश जारी कर सहक्षेत्र स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई में दिए जाने वाले प्रतीक चिन्ह की जगह नौ हजार रुपए नगद राशि व शाल श्रीफल की नई परंपरा इस बार से क्षेत्रीय प्रबंधन शुरू की है।

बताया जा रहा है कि पूर्व के विदाई समारोह आयोजन की राशि बाजार में बकाया होने के बाद व्यवसाईयों द्वारा प्रबंधन को उधार देने आनाकानी के बाद प्रबंधन ने कामगारों को नौ हजार की नगद राशि के साथ शाल श्रीफल से सम्मान करने की नई परम्परा की शुरुआत दिसम्बर माह से कर दी है। साथ ही विदाई समारोह के आयोजन का दायित्व यूनिट स्तर पर कर दिया गया है।



# प्राथमिकता के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : कलेक्टर

★ अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखने दिये निर्देश

★ लंबित आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने लोक सेवा केंद्रों के प्रकरण, पेंशन प्रकरण, जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन, भू-अर्जन, वन अधिकार पट्टा, धान खरीदी और तातापानी महोत्सव के लिए चल रही तैयारियों सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित विभागीय योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता से योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किया जाए ताकि लोग आसानी से इसका लाभ ले सकें।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की यह कल्याणकारी योजना गरीब परिवारों के लिये है। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने चिन्हांकित पीवीटीजी परिवारों को पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सिकल सेल स्क्रीनिंग, क्षय नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, बुजुर्गों के लिए बनाए जा रहे वय वंदन कार्ड, लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर की जानकारी लेकर निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों का सही तरीके से क्रियान्वयन करें, जिससे आमजनों को समय पर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने पोषण पुनर्वास (एनआरसी सेंटर) एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि इनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों की बेहतर देखभाल के साथ-साथ डिस्चार्ज होने के बाद भी उनका फॉलोअप करें, ताकि उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो सके। कलेक्टर श्री कटारा ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए राजस्व और परिवहन विभाग को सतत् निगरानी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनदर्शन और जनसमस्या निवारण शिविरों में आमजनों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण करने को कहा।

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए बारदानों की उपलब्धता, कुल की गई धान खरीदी और समितिवार उठाव के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि नोडल अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें की सभी धान खरीदी केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्यरत हों। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले तातापानी महोत्सव 2025 के लिये चल रही तैयारियों की भी जानकारी ली और कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सौंपे गये दायित्वों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं**

समय-सीमा की बैठक पश्चात् कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री कटारा ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनसे प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व जनपद सीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबिकापुर-दिल्ली अब दस मिनट विलम्ब से होगी रवाना

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** विभिन्न रेल सेक्शनों में आधारभूत संरचना को और विकसित करते हुए इस वर्ष एक जनवरी से रेलवे समय सारिणी में परिवर्तन किया गया है। रेल प्रबंधन से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नई समय सारिणी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली अप एवं डाउन दिशा की 131 स्टेशनों में गाड़ियों का परिचालन समय में बदलाव किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे में 45 पैसेंजर, 81 मेमू, 20 डेमू सहित 146 गाड़ियों को एक जनवरी 2025 से नियमित नंबर से चलाया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अप एवं डाउन दिशा की ट्रेनों में 131 स्टेशनों में गाड़ियों की समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है, अन्य स्टेशनों में समय सारिणी यथावत रहेगी।अंबिकापुर सेक्शन की गाड़ी संख्या अंबिकापुर-दुर्ग 18242 अनूपपुर अब रात्रि 2.10 के बजाय 2.05 बजे पहुंचेगी। शहडोल-अंबिकापुर गाड़ी संख्या 18755 अब 15 मिनट पहले रात्रि 8.15 में अंबिकापुर पहुंचेगी। निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन 22408 अब दस मिनट पहले 6.50 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी।अंबिकापुर-निजामुद्दीन गाड़ी संख्या 22407 अब दस मिनट लेट 7.20 बजे की जगह 7.30 बजे रवाना होगी।

# PHC-CHC व जिला अस्पतालों को मिले नए डॉक्टर व चिकित्सा अधिकारी..

## 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों व 35 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

रायपुर । मुख्यमंत्री साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार राज्य के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 06 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 12 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 05 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-



अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है। रायपुर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ भारती ठाकुर, डॉ. हरिश चौधरी, डॉ अजीत कुमार पटेल, डॉ. ओजस्वी गौतम, डॉ अनूप कुमार मेहर, डॉ. शिवेन्द्र सिंह मरई शामिल हैं। बिलासपुर संभाग हेतु जारी आदेश में डॉ. ऋषा जोगी, डॉ अरशद आलम, डॉ जीनत शेख, डॉ प्रतीक्षा सिंह, डॉ. लता गुप्ता डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ तेजस्विनी सोनी, डॉ. राजेश्वर प्रसाद कश्यप, डॉ. विरेन्द्र कुमार सार्वा, डॉ राजेन्द्र कुमार साहू, डॉ. सुयश आंचल, डॉ. अनुराग यादव, सरगुजा संभाग हेतु जारी आदेश में डॉ अभिषेक जायसवाल, डॉ. निहारिका कुशवाहा, डॉ. अंकिता बड़ा, डॉ आकांक्षा मिंज, डॉ. अनुराग सिंह यादव का नाम है। दुर्ग संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ. प्रखर जंघेल, डॉ. मुकेश कुमार वर्मा, डॉ नेहा रामटेके, डॉ अस्मिन निशा, डॉ शेमोन सिंह ठाकुर, डॉ. सूर्य प्रताप सिंह ठाकुर हैं। बस्तर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ. प्रीति भवानी, डॉ. कविता नाग, डॉ. वैशाली साहू, डॉ. मेहुल पटेल, डॉ गिरधर गोपाल यादव व डॉ अतुल राज खटीक को पदस्थ किया गया है।

# मामूली विवाद पर दो लोगों की हत्या, 6 आरोपी हिरासत में

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

रायपुर । राजधानी के चंगोराभांटा इलाके में सोमवार देर रात लड़कों के दो पक्षों में जमकर विवाद हो हो गया। इस दौरान लड़कों के ग्रुप ने मिलकर दो युवकों की हत्या कर दी। पूछताछ में पता चला कि, दोनों पक्ष के लड़के एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। जहां के साकेत विहार चंगोराभांटा इलाके में देर रात 6-7 लड़के आग ताप रहे थे। वहीं पर पास के ही मैदान में उसी मोहल्ले के कृष्णा यादव और सचिन बड़ोले भी बैठे हुए थे। वहीं कुछ लड़के शराब पी रहे थे। इसी दौरान



किसी बाद को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। लड़कों का ग्रुप कृष्णा और सचिन से गाली गलौज पर उतारू हो गए। विवाद इतना बढ़ा की लड़कों के ग्रुप ने मिलकर दो युवकों पर पत्थर और धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान कृष्णा यादव और सचिन बडोले डी.डी.नगर के रहने वाले थे। वहीं मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या करने वाले 06 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी, यहां करें चेक...

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

रायपुर । आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक के 300 रिक्त पदों पर ली गई परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं 15 सितंबर को इसके लिए व्यापम ने परीक्षा ली थी। अभ्यर्थी व्यापम की अधिकृत वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर नतीजे देख सकते हैं। छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों के लिए 15 सितंबर को व्यापम द्वारा परीक्षा ली गई थी। परीक्षा के लिए सभी 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।9 अक्टूबर को मॉडल आंसर




जारी की गई थी। मॉडल आंसर पर 16 अक्टूबर तक दावा आपत्ति मंगाई गई थी। दावा आपत्ति के आधार पर पूछे गए 100 प्रश्नों में से 10 प्रश्नों को विलोपित कर दिया गया। 90 प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन कर इसके नतीजे 30 दिसंबर देर रात घोषित किए गए। परीक्षा के लिए 6 लाख 30 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। परीक्षा में कंप्यूटर संबंधित 30 प्रश्न थे। वही हिंदी, व्याकरण, अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, खेलकूद - देश-विदेश, छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी व बाल मनोविज्ञान से 70 प्रश्न पूछे गए थे।

# देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है - उप-मुख्यमंत्री अरुण साव

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

रायपुर - उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर आवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है। इस साल एक तरफ जहां विकसित भारत के निर्माण की नींव रखी है। वहीं विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ पृष्ठभूमि तैयार की है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने, प्रधानमंत्री मोदी जी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम किया है। वहीं छत्तीसगढ़ में जो विकास का पहिया थम गया था, और उस विकास के पहिए को ट्रैक पर लाकर आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इससे प्रदेश में उत्साह और उमंग का



माहौल है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगी। प्रदेशवासियों को आने वाले नए वर्ष की बधाई देता हूं। बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर कांग्रेस उत्साहित है। इस सवाल पर साव ने कहा कि, कांग्रेस विधानसभा चुनाव के समय भी उत्साहित थी, क्या हश्र हुआ, यह सभी जानते है। कांग्रेस को मुगालते में रहने की आदत है। जनता पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में विधानसभा लोकसभा चुनाव और रायपुर दक्षिण चुनाव की तरह आशीर्वाद देगी।

# निकाय और पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस पर घोटालों का साया...

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

बीते कुछ वर्षों में कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल उठे हैं। शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप, सीजीपीएससी घोटाला, खाद्यान्न घोटाला और कोयला घोटाला जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभर कर सामने आए। इन घोटालों ने न केवल सरकार की साख पर सवाल खड़े किए, बल्कि राज्य की राजनीतिक फिजा को भी बदल दिया। इन घटनाओं का असर 2023 के विधानसभा चुनावों में स्पष्ट रूप से देखा गया, जब कांग्रेस को विपक्षी दलों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और जनता के बीच उसकी लोकप्रियता में गिरावट आई।

**2024 के लोकसभा चुनावों पर असर**

2024 के लोकसभा चुनाव में भी इन घोटालों की गूंज सुनाई दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समेत अन्य विपक्षी दलों ने इन घोटालों को प्रमुख मुद्दा बनाकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। नतीजतन, कांग्रेस को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। खासतौर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं ने सरकार की जवाबदेही पर सवाल उठाए। विपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में रहते हुए जनता के भरोसे का दुरुपयोग किया।

**2025 के नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव-चुनौतियां बरकरार**

अब 2025 की शुरुआत में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे। इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे प्रमुख भूमिका निभाते हैं, और जनता अक्सर स्थानीय प्रशासन की नीतियों के आधार पर अपना फैसला सुनाती है। विपक्ष ने पहले ही इन चुनावों के लिए कमर कस ली है। भाजपा और अन्य दल इन घोटालों को जनता के सामने प्रमुख मुद्दे के रूप में पेश कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने हाल ही में एक रैली में कहा, कांग्रेस सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। जनता के पैसे का दुरुपयोग किया गया है। अब वक्त आ गया है कि इनसे जवाब मांगा जाए।

**कांग्रेस की रणनीति और चुनौतियां**

कांग्रेस ने इन घोटालों के आरोपों को बार-बार खारिज किया है और इसे विपक्ष की साजिश करार दिया है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि उनकी सरकार ने विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है और जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हम जनता के बीच अपनी उपलब्धियों को लेकर जाएंगे और विपक्ष के झूठे प्रचार का जवाब देंगे। हालांकि, जमीनी स्तर पर कांग्रेस को कड़ी चुनौती का



सामना करना पड़ सकता है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की छवि भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यदि घोटालों के कारण जनता में असंतोष बना रहा, तो कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**मतदाताओं की भूमिका**

इन चुनावों में मतदाताओं का मिजाज निर्णायक साबित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां खाद्यान्न घोटाले और सीजीपीएससी घोटाले के मुद्दे प्रमुख हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में महादेव सट्टा एप और शराब घोटाले जैसे विषय मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के लिए 2025 के नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक बड़ा मोड़ साबित हो सकते हैं। घोटालों की छाया से बाहर निकलकर जनता के बीच भरोसा जीतना पार्टी के लिए एक कठिन कार्य होगा। विपक्ष ने इन मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है, जिससे चुनावी मुकाबला और भी रोचक हो गया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कांग्रेस अपनी रणनीति में क्या बदलाव करती है और जनता किसे अपना विश्वास सौंपती है।

# सक्ती में 651 परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने किया नेतृत्व

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

रायपुर । सक्ती जिले में सर्व सनातन हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के दौरान 651 धर्मान्तरित परिवारों ने सनातन धर्म में वापसी की। भारतीय जनता पार्टी के नेता और अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने इन परिवारों का पांव पखारकर स्वागत किया। सनातन धर्म में वापसी-पिता की विरासत को आगे बढ़ाया रायपुर में एक प्रेस वार्ता में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने बताया कि वे अपने पिता, हिंदू कुल तिलक स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के घर वापसी अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके पिता ने हजारों धर्मांतरित परिवारों को पुन: सनातन धर्म में लाने का पुनीत कार्य शुरू किया था। सक्ति के विराट सम्मेलन में कई संतों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उपस्थिति में 651 परिवारों ने अपनी मूल संस्कृति में वापसी की। कार्यक्रम में जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास, साध्वी प्रज्ञा, मटकू द्वीप के संत राम रूप दास, सांसद महेश कश्यप, सांसद कमलेश जांगड़े, और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**धर्मांतरण पर प्रबल प्रताप का बयान**

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने ईसाई मिशनरियों पर आरोप लगाया कि वे वर्षों से सक्ती और आसपास के क्षेत्रों में भोले-भाले जनजातीय समुदायों को भ्रमित कर धर्मांतरण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा, धर्मांतरण से क्षेत्र



की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना को नुकसान हो रहा है। यह हमारे समाज और देश के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि धर्मांतरण के कासक्ती में 651 परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने किया नेतृत्वरण जनजातीय समाज की पहचान संकट में है। मिशनरियों के बहकावे में आकर धर्म परिवर्तन करने वाले लोग अपने मूल सांस्कृतिक मूल्यों से कट रहे हैं। बस्तर और अन्य जनजातीय क्षेत्रों में इस सांस्कृतिक संघर्ष के कारण कई हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं।

**सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा का आह्वान**

प्रबल प्रताप सिंह ने सभी सनातनियों से अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों को अपने मूल धर्म में लौटने का अवसर देना चाहिए, जो लोभ या दबाव में धर्मांतरित हो गए हैं। हमारे देश की सांस्कृतिक जड़ों को सुरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है।

**सनातन योद्धाओं का सम्मान**

कार्यक्रम में धर्म सेना के सक्ती जिला अध्यक्ष श्याम चौहान और बस्तर के खेम नेताम का विशेष अभिनंदन किया गया। श्याम चौहान ने मिशनरी माफिया के दबाव को अस्वीकार किया और अपनी आस्था पर अडिग रहे। वहीं, खेम नेताम ने धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष किया, जिसके चलते उन्हें छह महीने जेल में भी रहना पड़ा। विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता का श्रेय धर्म सेना की टीम और संयोजिका श्रीमती अंजू गभेल को दिया गया। कार्यक्रम में हजारों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया और सनातन धर्म की महत्ता को लेकर एकजुटता प्रकट की।

**सनातन धर्म का संदेश**

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने धर्मान्तरित परिवारों से अपील की कि वे अपनी मूल संस्कृति में लौटें और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करें। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करना होगा। इस कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के खिलाफ जनजागृति और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को एक नई दिशा दी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सेजेस स्कूलों के प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों की ली बैठक

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

अम्बिकापुर - मल्टीपरपज स्कूल अम्बिकापुर में मंगलवार को जिले में संचालित सभी सेजेस विद्यालयों के प्राचार्यों एवं जिले के सभी संकुल समन्वयकों की अलग अलग जिला स्तरीय बैठक जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा के आयोजन की प्रक्रिया जिसमें पांचवी एवं आठवीं की परीक्षाएं एकीकृत होगी और बोर्ड के तर्ज पर होंगे। उनके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं महत्व से अवगत कराया गया तथा परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के परीक्षा पर चर्चा में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का पंजीयन एवं फलों के पंजीयन पर चर्चा की गई और इसके लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय विद्यालय और अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं मदरसा शामिल हैं। शत प्रतिशत परीक्षा पर





चर्चा में पंजीयन कराया जाना है एवं अपार आई डी जनरेशन की प्रगति की संकुल वार समीक्षा की गयी। कक्षा 1 से 12वीं तक अध्यनरत समस्त विद्यार्थी का अपार आईडी बनाया जाना है, इस हेतु सभी सीएससी अपने संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों का शतप्रतिशत अपार आईडी जेनरेशन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने अभी तक की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुये कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में शिक्षा विभाग की अन्य योजनाओं को भी उत्कृष्टता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बैठक को जिला मिशन समन्वयक ने भी संबोधित किया। उन्होंने संकुल समन्वयकों को विभिन्न योजनाओं में राज्य स्तर पर जिले की स्थिति से अवगत कराते हुये सभी योजनाओं में जिले का प्रथम साथ बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में समग्र शिक्षा सरगुजा के एडीपीओ, सभी एपीसी एवं जिले के सभी संकुल केन्द्रों के संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस को 8 लाख रूपए की राशि स्वीकृत

**छ.ग. फ्रंटलाइन**

अम्बिकापुर - अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा तहसील रघुनाथपुर के राता निवासी कलम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर उनके वारिस लाली एवं तहसील लुण्ड्रा के खालपोड़ी निवासी तिलसाय की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस पनमेश्वरी को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

## सम्पादकीय

# कृषि क्षेत्र पर अधिक फोकस की जरूरत

कभी भुखमरी के लिए अभिशप्त ओडिशा के कालाहांडी में सब्जी क्रांति बदलाव की नई गाथा लिख रही है। देश में कृषि क्षेत्र में छोटे छोटे अभिनव प्रयासों से बड़ा परिवर्तन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के कालाहांडी जिले के गोलामुंडा ब्लॉक के किसानों की क्षेत्र में 'सब्जी क्रांति' लाने के लिए सराहना की है। यहां के प्रगतिशील किसानों ने किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) की स्थापना कर आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से कालाहांडी जिले में सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया। कालाहांडी को कभी गरीबी और लोगों के पलायन की भयावह स्थिति के लिए जाना जाता था। 10 किसानों के एक छोटे से समूह ने किसान उत्पाद संघ की स्थापना की, खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल शुरू किया, आज 200 से अधिक किसान इस संघ से जुड़े हैं, जिनमें 45 महिला किसान भी हैं। ये लोग मिलकर 200 एकड़ में टमाटर की खेती कर रहे हैं, 150 एकड़ में करेले का उत्पादन कर रहे हैं। कालाहांडी की यह सफलता सभी किसानों और कृषि से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा है। सिक्किम, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, कश्मीर, केरल समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में किसान खेती में अभिनव प्रयोग कर रहे हैं, खेती को लाभकारी बना रहे हैं, अनाज उत्पादन से इतर नई फसलों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खेती में नई प्रौद्योगिकी समेत बाजार तक पहुंच और भंडारण क्षेत्र में सरकार अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है, किसान उत्पादक संघ और सहकारिता मॉडल से कृषि क्षेत्र में कायापलट हो रही है। हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि कर्ज, कृषि उत्पादों का मूल्यीकरण, खाद व बीज की उपलब्धता, कृषि उत्पादों का भंडारण आदि अनेक समस्याएं हैं, जिनसे कृषि क्षेत्र रूबरू है। इन सबके बीच दो वर्ष में ही तकदीर बदलने वाले कालाहांडी जैसे प्रयोग उम्मीद जगाते हैं। देश में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव के लिए कॉपरेटिव मॉडल को तेजी से अपनाने की जरूरत है। एफपीओ, पैक्स आदि प्रयास हो रहे हैं, पर केंद्र व राज्य सरकारें समेत एपीडा जैसे संगठनों की ओर से कृषि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग की आवश्यकता है। देश में कृषि व संबद्ध क्षेत्र में व्यापक पोटेंशियल है। खाद्य सुरक्षा वैश्विक जरूरत है, भारत इसमें अपना योगदान और बढ़ा सकता है। साठ के दशक के हरित क्रांति का लाभ केवल अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भरता तक सीमित है, इसे विस्तार देने की जरूरत है। विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए जरूरी है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर पांच फीसदी के ऊपर निरंतर बनी रहे, भारत में क्षमता भी है, बस कृषि में अभिनव बदलाव को अपनाने की आवश्यकता है। चालू वित्त वर्ष 2024 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर केवल 1.4 फीसदी रही। यह चिंताजनक स्थिति है। कृषि क्षेत्र को अधिक सब्सिडी, सस्ते कर्ज, सुलभ भंडारण और व्यापक बाजार की आवश्यकता है। केवल मानसून पर निर्भर रहते हुए कृषि की कायापलट नहीं हो सकती है। नव वर्ष 2025 में खाद्यान्न उत्पादन नया रिकॉर्ड बना सकता है, पर कृषि क्षेत्र की प्रगति व किसानों की खुशहाली के लिए इतना ही काफी नहीं है। दहलन, तिलहन, मोटे अनाज (मिलेट्स), फल, सब्जियों और मसाले व औषधिय जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। चूंकि किसानों की बदहाली व आत्महत्या की खबरें कृषि क्षेत्र के स्याह पहलू को उजागर करती हैं। इसलिए केवल सराहना से बात नहीं बनेगी, कृषि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है।

# युवाओं में राजनीति के प्रति हिचक क्यों?



विचार
डॉ.संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 26 दिसंबर को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से राजनीति में आने का एक बार फिर आव्हान किया है। गौरतलब है कि इसी साल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लालकिले के प्राचीर से भी प्रधानमंत्री ने एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में आने की अपील किया था जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री का यह आव्हान देश को जातिवादी और वंशवादी राजनीति से छुटकारा दिलाने के लिए है। बहरहाल यह पहली मर्तबा नहीं है जब देश के किसी प्रधानमंत्री या राजनीतिक दल ने युवाओं को राजनीति में शामिल होने के लिए प्रेरित किया हो। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का भी मानना था कि देश के निर्माण और विकास में युवाओं की सत्ता में भागीदारी आवश्यक है। इसी मंशा को लेकर उनकी सरकार ने साल 1988 में संविधान के 61वें संशोधन के द्वारा मताधिकार की उम्र को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया था।इस फैसले को 24 मार्च 1989 से लागू किया गया जिसके अनुसार 18 वर्ष के युवा लोकसभा सदस्य, विधायक से लेकर अन्य निकायों के जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। राजीव भी चाहते थे कि देश के युवाओं की पंचायत से लेकर संसद तक सक्रिय भागीदारी हो लेकिन देश की राजनीतिक व्यवस्था में युवा अभी भी हाशिए पर हैं।

गौरतलब है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी बदलाव चुनाव के द्वारा ही संभव है लेकिन राजनीति और चुनाव के प्रति युवाओं की उदासीनता के चलते देश की राजनीतिक व्यवस्था को वैसी दिशा नहीं मिल रही है जितनी उम्मीद थी। भारत युवा आबादी के मामले में दुनिया का अव्वल देश है जहां की 65 फीसदी आबादी पैंतीस साल के तथा 50 फीसदी आबादी पच्चीस साल के हैं। एक जानकारी के मुताबिक भारत की औसत आयु 25 साल है जो चीन से 10 साल और अमेरिका से 15 साल कम है।अलबत्ता विशाल आबादी के बावजूद लोकसभा और विधानसभाओं में युवाओं की हिस्सेदारी बहुत कम है। साल 1952 में देश के प्रथम लोकसभा में 26 फीसदी सांसद 40 साल से कम उम्र के थे तथा अब तक के संसदीय इतिहास में लोकसभा में सबसे ज्यादा 40 साल से कम उम्र वाले 35 फीसदी सांसद 1957 में दूसरे लोकसभा में रहे हैं। लोकसभा में युवाओं का इतना सर्वाधिक प्रतिनिधित्व तब था जब देश में युवाओं की आबादी आज की तुलना में बहुत कम था। विरोधाभास यह कि आज जब देश दिनों-दिन युवा हो रहा है तब हमारा संसद लगातार बूढ़ा होने लगा है। पिछले 17 वीं लोकसभा में युवाओं की



भागीदारी महज 12 फीसदी थी जिसमें से 7 फीसदी युवाओं के ताल्लुकात राजनीतिक वारिस के तौर पर था मतलब इनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक परिवार की थी। अमूमन वर्तमान यानि 18 वीं लोकसभा के हालात भी पिछली लोकसभा जैसी है लेकिन इस बार 7 सांसद 29 साल से कम उम्र के हैं।इन परिस्थितियों में युवा मताधिकार के तीन दशकों के बाद भी देश के राजनीति और लोकतंत्र में आशातीत बदलाव नहीं आया है। दूसरी ओर देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां युवाओं को अपनी पार्टी में बढ़ावा देने का वादा तो बढ़ चढ़कर करतीं हैं लेकिन चुनाव के दौरान टिकट बांटते समय हकीकत कुछ और ही होती है। अधिकांश पार्टियां चुनावी टिकट बांटते समय ऐन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के जुगत के चलते अपने युवा कार्यकर्ताओं की जगह जाति, धर्म और क्षेत्रवाद को तरजीह देते हैं फलस्वरूप युवाओं में हताशा पनप रहा है।दूसरी ओर पार्टियों में जारी धनबल, भ्रष्ट आचरण और बाहुबल के बढ़ते दखल के चलते युवाओं की दिलचस्पी चुनावी राजनीति में बहुत कम है फलस्वरूप उपरोक्त विसंगतियां दिनों दिन जड़ें जमा रहीं हैं जो लोकतंत्र की मर्यादा को कलुषित कर रही है। इन बुराईयों को दूर करने के लिए युवाओं को चुनावी राजनीति का हिस्सा बनना ही होगा आखिरकार वे ही भारत के भाग्य विधाता हैं।

गौरतलब है कि मतदान की आयु भले ही 18 साल है लेकिन विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने की आयु 25 वर्ष है जबकि निकाय चुनावों के लिए यह अहर्ता 21 साल की है। सियासी गलियारों में गाहे-बगाहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की आयुसीमा घटाने की मांग उठती रहती है जो जायज भी है।बीते साल एक संसदीय समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र 25 साल से घटाकर 18 साल करने की सिफारिश की है। दूसरी ओर पिछली लोकसभा में राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी तथा राज्यसभा में आम आदमी पार्टी 'आप' के सदस्य राघव चड्ढा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आयुसीमा 21 साल करने संबंधी निजी विधेयक पेश किया है। इस मांग का समर्थन अन्य राजनीतिक दल भी कर रहे हैं।इन दलों की दलील है कि अगर नगरीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव लड़ने की उम्र 21 साल है तब लोकसभा और विधानसभा के लिए 25 साल क्यों होना चाहिए? तर्क यह भी है कि यदि 18 साल की उम्र में युवा वोट डालकर सरकार चुन सकता है तो वह खुद सरकार में क्यों शामिल नहीं हो सकता? गौरतलब है कि युनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया, जर्मनी,कनाडा, स्वीटजरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क और बेल्जियम में संसद की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है। अलबत्ता भारत में संसद और विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्र घटाने की मांग इसलिए भी वाजिब है क्योंकि भारत भले ही आज औसत आयु के लिहाज से दुनिया का सबसे नौजवान देश है लेकिन साल 2030 के बाद देश की औसत आयु बढ़नी शुरू हो जाएगी लिहाजा आने वाले 7-8 सालों में युवाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि के रूप में पहुंचने और सरकार का हिस्सा बनने का मौका जरूर मिलना चाहिए।

विचारणीय है कि विधायिका में नई पीढ़ी की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं को राजनीति के प्रति अपनी उदासीनता त्यागनी होगी। एक संस्था सीएसडीएस - लोकनीति के सर्वेक्षण के मुताबिक 46 फीसदी युवा राजनीति के प्रति रूचि नहीं रखते वहीं तीन चौथाई यानि 75 फीसदी युवा किसी भी प्रकार के चुनावी गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहते।युवाओं के राजनीति के प्रति अरुचि का अहम कारण सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां है।आमतौर पर अभिभावकों और शिक्षाविदों का मानना है कि युवाओं को राजनीति के पचड़े में नहीं पड़ना चाहिए।यह भी सच है कि राजनीति एक महंगा और जोखिम भरा क्षेत्र है जिसमें सफलता की गारंटी लगभग अनिश्चित रहती है।इन सब मिथकों और मजबूरियों के कारण ही युवा राजनीति से दूर हो रहे हैं लेकिन इसका दुष्परिणाम हमारे राजनीतिक व्यवस्था में दिखाई दे रहा है।

युवाओं से अपेक्षा है कि वे अपने कैरियर के साथ-साथ राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव का हिस्सा बनें क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव ही ऐसा साधन है जिसके जरिए लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और बेहतर रोजगार मुहैया कराया जा सकता है।देश के राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो भारत के आजादी के आंदोलन से लेकर आजाद भारत में ऐसे जनांदोलन हुए हैं जिसे युवाओं ने ही मजबूती दी थी। इन आंदोलनों ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी थी लिहाजा युवाओं को अपनी भूमिका राजनीतिक क्षेत्र में भी सुनिश्चित करनी होगी ताकि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में नवाचार, नवोन्मेष और नवविचार का समावेश संभव हो सके।

## विकास की बात
सुशील देव




# अपनी समस्याओं का हल चाहते हैं दिल्ली के मतदाता

चुनावी मौसम आते ही वादों और इरादों की बौछार शुरू हो जाती है। हर पार्टी मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की लंबी फेहरिस्त पेश करती है। लेकिन दिल्ली के मतदाता अब सवाल कर रहे हैं कि उनके मूलभूत अधिकारों और आवश्यकताओं का ध्यान कौन रखेगा? बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण आम लोगों का जीवन आज भी संघर्षपूर्ण है। यही कारण है कि दिल्ली के नागरिक अपनी आवश्यकताओं के प्रति जागरूक हो चुके हैं और चाहते हैं कि जो भी सरकार बने, वह उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान करे। दिल्ली के कई इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहद अभाव है। कई कच्ची कॉलोनियां हैं, जो कहने को तो पक्कीकरण का दर्जा मिल गया है लेकिन सुविधाएं नदारद हैं। कई इलाकों में तो वहां के निवासियों को इलाज की सुविधाएं नहीं। इससे मरीजों और उनके परिवार वालों को आर्थिक और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। उदाहरण के तौर बाहरी दिल्ली के जय विहार, हरफूल विहार या नंगली विहार एक्सटेंशन के लोगों को ही लें, यहां के लोग इलाज के लिए 12 से 15 किलोमीटर दूरी पर सरकारी अस्पताल में जाते हैं। वहीं शिक्षा की बात करें तो सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और कौशल विकास के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। मतदाता चाहते हैं कि नई सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे। स्कूलों की शिक्षा को और बेहतर बनाया जाए ताकि महंगे और निजी स्कूलों की बड़ी फीस से मध्यमवर्गीय परिवार को राहत मिल सके। जहां तक साफ-सफाई की बात है, इसके लिए नगर निगम स्तर पर चुस्ती बरतनी होगी। दिल्ली में स्वच्छता की स्थिति हर जगह संतोषजनक नहीं है। कई इलाकों में टूटी नालियां और सड़कों पर कचरे का ढेर आम दृश्य बन गए हैं। नालियों की सफाई के अभाव में गंदगी फैलती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता है। राजधानी के कई क्षेत्रों में पीने के पानी की गुणवत्ता खराब है। यहां गंदा पानी पीने को लोग मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। प्रदूषण से इस बार दिल्ली ज्यादा हलकान रही। हालांकि पिछले कई सालों से प्रदूषण की समस्या रही है। लेकिन दिल्ली या केंद्र सरकार इस पर अधिक गंभीरता नहीं दिखाई। हवा की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई। लोग बीमार हुए। बढ़ते प्रदूषण के खतरे और भविष्य में इसके उपायों के मद्देनजर सरकार को पुख्ता समाधान करना चाहिए। सड़कों की खराब हालत भी एक बड़ी समस्या है। कई इलाकों में नई सड़कें अधूरी पड़ी हैं और पुरानी सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। साथ ही, स्ट्रीट लाइट्स की खराब स्थिति से अंधेरे में राहगीरों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में अपराध की घटनाएं इन दिनों बढ़ी हैं। आम लोग मानते हैं कि दिल्ली पुलिस को और मुस्तैदी बरतने की जरूरत है। वहीं इस बार मतदाता चाहते हैं कि सड़क और बिजली की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो। राजधानी शहर के कई बड़े हिस्से में सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव है। शहर की कई कॉलोनियों में बारात घर, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी एक गंभीर समस्या है। जय विहार, हरफूल विहार और नंगली विहार जैसे इलाकों में पार्क नहीं होने के कारण बच्चे खेलने से वंचित हैं और बुजुर्गों को टहलने की सुविधा नहीं है। बारात घर न होने से सामूहिक आयोजनों के लिए लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन सुविधाओं की कमी को दूर करना नई सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। दिल्ली, देश की राजधानी होने के बावजूद, कई मामलों में पिछड़ी हुई नजर आती है। दिल्ली के लिए मास्टर प्लान तो बनाया गया है, लेकिन उसका सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। मतदाताओं का मानना है कि धरातल पर काम होना चाहिए और योजनाओं को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। दिल्ली के मतदाताओं का कहना है कि केवल वादों से काम नहीं चलेगा। जो भी पार्टी उनकी समस्याओं का समाधान करने का ठोस खाका प्रस्तुत करेगी और उसे अमल में लाएगी, वही उनका समर्थन पाने की हकदार होगी। दिल्ली के मतदाता बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं, अच्छी सड़कें, स्ट्रीट लाइट, और सामुदायिक केंद्र जैसी जरूरतों का ध्यान रखा जाना चाहिए। यदि नई सरकार इन समस्याओं को गंभीरता से लेती है और उन्हें हल करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करती है, तो निश्चित रूप से उसे जनता का समर्थन मिलेगा। आखिरकार, राजधानी का विकास देश के विकास का प्रतीक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वरीय शक्ति हर प्राणी के भीतर है मौजूद



संकलित
**दर्शन**

सत्कर्म, जिनसे तुम्हें पुण्य मिलता है। तुम जब किसी के लिए कुछ अच्छा करते हो और वो तुम्हें हृदय से धन्यवाद करते हैं तब तुम्हें उसका पुण्य मिलता है। यही सत्कर्म है। दूसरे तरह के ऐसे कर्म जिनसे तुम्हें पाप मिलता है। तुम किसी के साथ कुछ करते हो, उन्हें दुःख, घुटन और परेशानी होती है, तब तुम पाप के भागी होते हो। मिश्रित फल वाले कर्म मिश्रित फल देते हैं। ऐसे कुछ कर्म जिनका फल पाप और पुण्य, दोनों का मिश्रण होता है। ऐसे कर्म, जो तटस्थ परिणाम देते हैं, जो पाप और पुण्य, दोनों ही नहीं देते हैं। जैसे तुम सुबह सैर करने जाओ, उससे न पाप है न पुण्य। वह कर्म मात्र है। तुम किसी कमरे की सफाई कर रहे हो, इसका भी कोई पाप पुण्य नहीं है। परंतु यही कर्म तुम यदि किसी की सहायता के लिए करो तब उससे पुण्य प्राप्त होता है। कृष्ण कहते हैं, तुम किसी की भी प्रार्थना करो, सब मुझ तक ही आना है क्यूंकि मैं ही अस्तित्त्व का केंद्र हूं। तुम किसी की कहीं भी आराधना करो, वह मन को घुलाने का कार्य मात्र है। जैसे एक मीठी गोली पानी में घुल जाती है, वह जैसे भी पानी में जाए, इससे कुछ अंतर नहीं पड़ता, उसे तो पानी में घुलना ही होता है। पूजा भी इसी तरह अपने मन को अस्तित्त्व के साथ एकाकार करने का कार्य है।


## सत्संग की महिमा, जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति सत्संग से बाहर निकला और जोर-जोर से हंसने लगा। पास खड़े गुरसिख ने पूछा, क्या हुआ बहुत खुश हो, तुम्हें क्या मिल गया है? उसने कहा, आज से मुझे कोई हरा नहीं सकता। मैं किसी से हारूंगा नहीं। दूसरे ने पूछा, अरे भाई मुझे भी बताओ ऐसी क्या बात है? आप कभी हारेंगे कैसे नहीं? तो पहले ने कहा, बड़ा आसान उपाय है। सामने वाले के पांव पकड़ लो और धन निरंकार कह दो, सामने वाला दयाल हो जाएगा। आशीर्वाद मिलेगा और अपनी मैं की भावना भी मिटेगी। अगर नम्रता का गुण होगा तो कभी कोई झगड़ा नहीं होगा, तकरार नहीं होगी, प्यार ही प्यार होगा। रोज सत्संग में आओ, दंडवत नमस्कार करना शुरू करो, आप अपनी मैं को खोज नहीं पाओगे। सत्संग से हमें यही शिक्षा मिलती है कि आनंद में रहो, खुश रहो। जब मैं त्यागें तो सब दुख भागें। दौड़-दौड़ कर सत्संग में आओ, दुख आपसे दौड़ जाएंगे। आनंद में रहने की आदत बन जाएगी। प्रातःकाल का सत्संग जीवन में अनेक लाभ देता है। प्रातःकाल जल्दी उठकर स्नान आदि करके सत्संग में जाना अच्छी आदत होती है जिससे सारा दिन अच्छा गुजरता है। जैसे सुबह एक बार स्कूटर की टंकी तेल से फुल कर लें, तो सारे दिन की चिंता खत्म हो जाती है। जहां जाना होता है, घूमते फिरो, पेट्रोल डलवाने की चिंता नहीं। इसी प्रकार सुबह संतों के दर्शन हो जाएं और सद्गुरु का आशीर्वाद मिल जाए, तो सारा दिन खुशी-खुशी आनंद से कटता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सरकार को बढ़ती कीमतों पर अब लगाम लगाना चाहिए

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। *-विकास कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### आयुष्मान भारत योजना



मुझे इस बारे में जानकर बहुत संतोष हुआ है कि बीते कुछ वर्षों में देश में समय पर कैंसर का इलाज करवाने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसमें आयुष्मान भारत योजना एक बड़ा संबल बनी है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संवेदना व्यक्त




महावीर मंदिर न्यास के सचिव व पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन दुःखद है। सेवा, संस्कृति व सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित किशोर कुणाल ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। ॐ शांति।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समाधि के लिए जमीन



देश के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। लेकिन अब 10 वर्ष प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए बीजेपी सरकार 1000 गज जमीन भी न दे सकी?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**

### आप सरकार को आदेश



यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य से जुड़े पीएम अभिम योजना का लाभ दिल्ली को दिलाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा एवं आदेश जारी कर आप सरकार को एमओयू साइन करने का आदेश देना पड़ा।
**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**



## करंट अफेयर

### मस्क ने एच-1बी वीजा को बचाने के लिए खाई कसम



एलन मस्क को एच-1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला है। एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने को इस कार्यक्रम की रक्षा करने के लिए युद्ध तक करने की कसम खाई थी। ट्रंप ने अपने सरकारी दक्षता मंत्रालय का नेतृत्व करने के लिए मस्क को भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ चुना है। मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है। मस्क ने शुक्रवार को इस बारे में 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता को फटकार लगाई, जिसने वीजा कार्यक्रम पर उनके रुख पर हमला करने के लिए उनके ही एक वीडियो का इस्तेमाल किया था।मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, मैं एच1बी कार्यक्रम के कारण ही स्पेसएक्स, टेस्ला और अमेरिका को मजबूत बनाने वाली सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण करने वाले कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं। इसके बाद शनिवार को ट्रंप ने मस्क का पक्ष लेते हुए कहा कि वह अपने कुछ समर्थकों के विरोध किए जाने वाले कार्यक्रम का पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

## ऑफ बीट

### नियमित त्वचा कैंसर की जांच की आवश्यकता नहीं



ऑस्ट्रेलिया विश्व में त्वचा कैंसर की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है, जहां हर साल लगभग 19,000 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा कैंसर के सबसे खतरनाक प्रकार 'मेलेनोमा' का निदान किया जाता है। मेलेनोमा तेजी से बढ़ता है और किसी भी अंग में फैलने की क्षमता रखता है। मेलेनोमा मेलेनोसाइट्स नामक त्वचा कोशिकाओं से आता है। मेलेनोमा हालांकि घातक हो सकता है, लेकिन यदि इसका समय पर पता चल जाये तो इसका इलाज संभव है। ऑस्ट्रेलिया में नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी सामान्य आबादी में मेलेनोमा की जांच की अनुशंसा नहीं करते हैं। दुनियाभर में ऑस्ट्रेलिया में कैंसर की सबसे अधिक दर को देखते हुए यहां कोई राष्ट्रीय जांच कार्यक्रम क्यों नहीं है? ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में स्तन, गर्भाशय-ग्रीवा और आंत्र कैंसर की जांच की जाती है तथा 2025 में फेफड़े के कैंसर की जांच भी शुरू की जायेगी। यह सवाल कि क्या सभी लोगों की मेलेनोमा और अन्य त्वचा कैंसर के लिए जांच की जानी चाहिए, जटिल है। प्रत्येक वर्ष 19,000 घातक मेलेनोमा के निदान के अतिरिक्त, लगभग 28,000 लोगों में 'इन-सीटू' मेलेनोमा का निदान किया जाता है। 'इन सीटू' मेलेनोमा नामक त्वचा कैंसर का सबसे प्रारंभिक चरण है।


# भारत का रक्षा निर्यात एक दशक में 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया : राजनाथ सिंह

## नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

महू (मध्यप्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। दो शताब्दी से अधिक पुरानी महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्र भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सिंह ने कहा, एक दशक पहले हमारा रक्षा निर्यात करीब दो हजार करोड़ रुपये था, जो आज 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित उपकरण दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। सिंह ने अपने भाषण में युद्ध में आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना युद्ध, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरंपरागत तरीके बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया और महू में प्रशिक्षण केंद्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की।



सिंह ने बदलते समय के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार करने की कोशिश करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। सिंह ने कहा कि महू छावनी में सभी शाखाओं के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। सिंह ने कहा कि भविष्य में अधिकारी को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा, जब आप रक्षा से सम्बद्ध पद संभालते हैं, तो आपको सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। रक्षा मंत्री रविवार से मप्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। सिंह ने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बनाई गई रणनीति

संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में अगले महीने आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए बहुआयामी रणनीति बनाई गई है। महाकुंभ में पूरे विश्व से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल महाकुंभ को साइबर सुरक्षित महाकुंभ बनाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रणनीति बनायी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रयागराज में साइबर विशेषज्ञों और पुलिस के आला अधिकारियों की एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में बैठक हुई जिसमें कुछ साइबर विशेषज्ञ डिजिटल माध्यम से भी जुड़े रहे। कुमार ने कहा, महाकुंभ में साइबर अपराध से लड़ने के लिए हमने एक बहुआयामी रणनीति बनाई है जिसमें पुलिस अधिकारियों के अतिरिक्त आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)- कानपुर जैसे विशेषज्ञ संस्थानों से साइबर विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक (प्रयागराज जोन) भानु भास्कर की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर, अपर पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध), पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक (प्रयागराज रेंज), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला एवं साइबर विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान साइबर सुरक्षा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

# आप सत्ता में लौटने पर ग्रंथियों और पुजारियों को 18,000 रुपये प्रतिमाह देगी: केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा करते हुए सोमवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सत्ता में आती है तो पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों में आप लगातार चौथी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा, पुजारी और ग्रंथी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उनकी अक्सर उपेक्षा की जाती है। देश में पहली बार, हम उन्हें समर्थन देने के लिए एक योजना शुरू कर रहे हैं जिसके तहत उन्हें 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए पंजीकरण कल यानी मंगलवार से शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर वहां पुजारियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी ने इस वर्ष सफलता की कई बुलंदियों को छूआ

संवाददाता

लखनऊ। 2017 में यूपी की कमान संभालने के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदलने और इसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। 2024 में भी यूपी ने कई क्षेत्रों में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए गगन को छुआ। इस वर्ष का आगाज रामलला के आगमन से हुआ तो समापन महाकुम्भ की भव्यतम तैयारियों से हो रहा है। 2024 में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की नई उपलब्धियां...500 वर्ष का इंतजार समाप्त होने के उपरांत 22 जनवरी को श्रीरामलला अयोध्या में अपने मंदिर में



हुए विराजमान। पीएम मोदी के करकमलों से विराजमान हुए रामलला, सीएम योगी भी रहे मौजूद

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कश: ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 में योगी सरकार को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे। जीसीबी-कश के तहत दो दिन (19-20 फ?वरी 2024) में 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश को मिली 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात: 2024 में स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तर प्रदेश काफी समृद्ध रहा। इस वर्ष उत्तर प्रदेश को 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी व सोनभद्र में सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले। निजी क्षेत्र में दो व पीपीपी मोड पर तीन मेडिकल कॉलेजों का हुआ शुभारंभ।

संस्कृत के बच्चों की छात्रवृत्ति में 24 वर्ष बाद हुई बढ़ोतरी: योगी सरकार ने 2001 से चली आ रही व्यवस्था में बड़ा सुधार करते हुए 24 वर्ष बाद संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति संशोधन किया। छात्रवृत्ति में तीन गुना तक की वृद्धि की गई। इसका लाभ संस्कृत भाषा में अध्ययन कर रहे डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थियों को हुआ। पहली बार कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों को भी छात्रवृत्ति से जोड़ा गया। 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संस्कृत के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण किया।

दीपोत्सव में बना नया रिकॉर्ड, 25.12 लाख से अधिक दीपों से जगमगाई रामनगरी: दीपोत्सव 2024 ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। सीएम योगी के नेतृत्व में रामनगरी में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्ज्वलित हुए। 2023 में पिछली बार 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए थे।

2024 में पहली बार 1121 वेदाचार्यों ने सरयू आरती कर रिकॉर्ड बनाया।

मुख्यमंत्री ने जेवर के किसानों की सुनी पुकार, भूमि अधिग्रहण के लिए प्रतिकर 3100/वर्गमीटर से बढ़ाकर किया 4300/वर्गमीटर रुपये: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 दिसंबर को जेवर के किसानों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100 रुपये प्रतिवर्ग मीटर से बढ़ाकर 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर करने की घोषणा की।

# देश की प्रगति विरोधी ताकतों को हराने के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को नागरिकों से राष्ट्र प्रथम की मानसिकता अपनाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि देश की प्रगति में बाधा डालने वाली आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की ताकतों का मुकाबला किया जा सके।६

# सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भुगतान नहीं करें: ममता

एजेंसी

संदेशखली (पश्चिम बंगाल)। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर इस साल की शुरूआत में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद संदेशखली के पहले दौरे पर पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्थानीय लोगों से कहा कि वे किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भी भुगतान न करें। बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन की सीमा पर स्थित द्वीप का दौरा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम जो कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं, उनके लिए किसी को पैसे न दें। ये कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जाते हैं और पैसा राज्य का है। आपको सीधे अपने बैंक खातों के माध्यम से लाभ मिल रहा है। इसे याद रखें। पैसा लोगों का है।



यह आपका अधिकार है। उन्होंने स्थानीय महिलाओं से भी आग्रह किया कि अगर कोई उन्हें किसी कारण से बुलाता है तो वे ध्यान न दें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि संदेशखली में विरोध प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में धन का इस्तेमाल किया गया।

उन्होंने कहा, मैं आपसे कहूंगी कि साथ रहें। शरारती लोगों से सावधान रहें और अगर कोई बुलाये तो महिलाओं को नहीं जाना चाहिए। अगर आप राज्य द्वारा संचालित किसी योजना के लिए पंजीकरण चाहते हैं, तो दुआरे सरकार आपके पास आएगी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आंदोलन के पीछे एक बड़ा खेल था और पैसे का खेल चल रहा था। बाद में लोगों को एहसास हुआ कि पूरा मामला झूठ था। सच्चाई आखिरकार सामने आ ही जाती है। इस साल की शुरूआत में संदेशखली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न

### तेलंगाना विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव

एजेंसी

नई दिल्ली, चर्चा के बाद, प्रस्ताव को पार्टी लाइनों से परे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, साथ ही विधानसभा ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। हालाँकि, विपक्ष के नेता के चन्द्रशेखर राव सत्र में शामिल नहीं हुए। रेड्डी ने सिंह की मृत्यु को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और तेलंगाना की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार उनके योगदान की मान्यता में हैदराबाद के वित्तीय जिले में सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकार₹ कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। भाजपा के सदन नेता महेश्वर रेड्डी ने शोक प्रस्ताव के लिए अपनी पार्टी का समर्थन व्यक्त किया

लेकिन राहुल गांधी के संबंध में टिप्पणी की, जिसके कारण विधायी मंत्री श्रीधर बाबू ने आपत्ति जताई। मंत्री ने अध्यक्ष से रेड्डी की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया।

# किसानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर पंजाब बंद शुरू

### सड़कें जाम, ट्रेनें रद्द, बसें नदारद

एजेंसी

नई दिल्ली, किसानों ने सोमवार को पंजाब बंद के आह्वान पर राज्य भर में कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध कर दीं, जिससे कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ है। यह बंद सोमवार, 30 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मनाया जा रहा है। किसानों ने धारेरी जट्टन टोल प्लाजा पर धरना दिया, जिससे पटियाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। केंद्र द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों की मांगें नहीं मानने पर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने पिछले सप्ताह बंद का आह्वान किया था। अमृतसर के गोल्डन गेट पर किसान शहर के प्रवेश द्वार के पास एकत्र होने लगे, जबकि बठिंडा के रामपुरा फूल में उन्होंने सड़कें अवरुद्ध कर दीं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने रविवार को कहा कि हालांकि पूर्ण बंद रहेगा, लेकिन आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। पीटीआई के अनुसार, उन्होंने कहा, ₹बंद सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। जो कोई भी फ्लाइट पकड़ने के लिए हवाई अड्डे जा रहा है या जो कोई भी नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहा है या किसी को शादी में शामिल होना है... इन सभी चीजों को हमारे बंद आह्वान से बाहर रखा गया है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर सैकड़ों किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब बंद के आह्वान के चलते रेलवे ने 150 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इनमें वंदे भारत और शताब्दी जैसी प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं।


**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-..../अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका इरविन्दर कौर टुटेजा पत्नि तेज प्रताप सिंह टुटेजा, निवासी बाबुपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अनावेदकगण मनदीप कौर पत्नी दिलीप सिंह सलुजा, निवासी खरसिया तह० खरसिया जिला रायगढ़ खुद व मु०नामा आम वास्ते- हैप्पी खेरा आ० दिलीप सिंह सलूजा, हरलीन कौर आ० दिलीप सिंह सलूजा, हीना सलूजा पिता दिलीप सिंह सलूजा, जयदीप सिंह सलूजा आ० दिलीप सिंह सलूजा की ओर से के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला बाबुपारा स्थित शीट नं. 09 की नजूल भूमि प्लॉट नंबर 3528/17 रकबा 5118.3 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 19.12.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदिका द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-13/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

रा०प्र०क्र०-/ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनन्द मोहन दास गुप्ता आ०स्व० कार्तिक चन्द्र दास गुप्ता निवासी मायापुर वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधित्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1633/5 मेसे रकबा 0.023 हे० भूमि को अनावेदक शिवानी आचार्य पुत्री कार्तिक चन्द्र दास गुप्ता पत्नी स्व फाल्गुनी आचार्य निवासी मायापुर वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग० के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/01/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०......./अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रानू कश्यप पति बृजेश कश्यप आ०स्व० छोटू राम, निवासी केनाबांध, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका के माता-पिता के स्वामित्व व अधिपत्य की राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टे में नजूल भूमि मोहल्ला- केनाबांध, नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 2073/1 रकबा 351 वर्गफीट भूमि है। आवेदकगण के पिता छोटू राम की मृत्यु दिनांक 19.04.2004 एवं आवेदिका की माता गुलाबी बाई की मृत्यु दिनांक 23.08.2020 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने के उपरांत फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिका द्वारा स्वयं का नाम नामांतरण कराने हेतु मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

ररा०प्र०क्र० //अ-20 (3)/2024-25

**ईश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक काशीराम यादव आ० स्व० ललन यादव निवासी मोहल्ला आंगनबाडीपारा सोनपुरकला तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० हाल मुकाम मोहल्ला चोपड़ापारा नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला चोपड़ापारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-1 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 9/126 रकबा 0.03,3/4 एकड़ भूमि को अनावेदक/केता श्रीमती ललीता यादव पत्नी काशी राम यादव निवासी मोहल्ला आंगनबाड़ी सोनपुरकला तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० हालमुकाम चोपडापारा अम्बिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-17/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-14.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-../अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अभिषेक सोनी आ. स्व. वासुदेव सोनी, निवासी मायापुर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के पिता वासुदेव सोनी के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला मायापुर, स्थित शीट नं. 03 की नजूल भूमि खसरा क्रमांक 1606/4786/3 रकबा 0.05 एकड़ भूमि है। भूधारक वासुदेव सोनी की मृत्यु दिनांक 09.06.2019 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदक द्वारा फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं सहित अन्य वारिसगण का नाम दर्ज कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-17/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 11/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा०प्र०क्र०/ ..../अ-20 (3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती कुसुम जायसवाल पति स्व० अयोध्या प्रसाद जाससवाल निवासी पुलिस लाईन बौरीपारा अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला बौरीपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-04 स्थित प्लाट नम्बर 1854/5 रकबा 1666 वर्गफीट भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-15/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर



# सुजॉय घोष की फिल्म में नजर आएंगे शाहिद कपूर ?

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता सुजॉय घोष और बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर कथित तौर पर एक संभावित थ्रिलर प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों ने शुरुआत में 2021 में सहयोग करने की योजना बनाई थी, लेकिन शेड्यूल के ऊपर-नीचे होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अब, वे 2025 में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना के साथ इस विचार पर फिर से काम कर रहे हैं। 'कहानी' (2012) और 'बदला' (2019) जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले घोष ने कथित तौर पर इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। हालांकि कथानक का विवरण गुप्त रखा गया है, इसमें रहस्य और नाटक के जबर्दस्त तालमेल की संभावना है, जिसके लिए घोष को जाना जाता है।

## लाइफ Style

# दीपिका

## मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कल्कि 2898 एडी की अपार सफलता के बाद से ही फिल्म के प्रशंसक बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के प्रशसंकों को थोड़ा और ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है।

कल्कि 2 की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होनी थी, लेकिन इसकी शूटिंग में थोड़ी और देरी हो सकती है क्योंकि दीपिका अपनी बेटी दुआ की वजह से जल्दी काम पर लौटना नहीं चाहती हैं, जिसकी वजह से इसकी शूटिंग में और देरी हो सकती है। हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मुंबई में एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया, जहां उन्होंने अपनी बेटी दुआ से पैपराजी को मिलवाया। वहीं इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान जब दीपिका से कल्कि 2 के बारे में पूछा गया तो इस पर, अभिनेत्री ने कहा कि बेबी दुआ उनकी पहली प्राथमिकता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान दीपिका ने कहा कि आगामी फिल्मों पर जल्दी काम शुरू नहीं करेंगी, क्योंकि वह अपनी छोटी राजकुमारी को किसी नैनी के हाथों में नहीं सौपना चाहती हैं। दीपिका ने यह भी कहा, 'मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी, ठीक वैसे ही जैसे मेरी मां ने मुझे पाला है।' दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी पोस्ट के जरिए अपनी बेटी के आने की खबर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी।



## हॉलीवुड मसाला




# दर्जनों फिल्मों में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस, एक्टिविस्ट और मॉडल रहीं डेल हैडन की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई है। उनके पेंसिल्वेनिया स्थित घर पर उनकी लाश मिली। अधिकारियों का मानना है कि उनकी मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से हुई है। डेल हैडन बतौर मॉडल 1970 और 1980 के दशक में वोग, कॉस्मोपॉलिटन, एले और एस्क्वायर के कवर पेज पर दिखाई दीं। 1973 के स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड स्विमसूट एडिशन में नजर आईं। वह 1970 से 1990 के दशक तक लगभग दो दर्जन फिल्मों में भी दिखाई दीं।




# बेबी बंप फ्लॉन्ट करतीं आईं नजर...



**मुंबई।** आथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। कपल ने पिछले महीने खुशखबरी शेयर करते हुए बताया था कि वो जल्द दो से तीन होने वाले हैं। प्रेग्नेंसी के बाद से कपल ने मीडिया से दूरी बनाई हुई थी। लेकिन, अब अथिया का बेबी बंप के साथ का पहला वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक्ट्रेस को बेबी बंप के साथ देखा जा सकता है। ये वीडियो ऑस्ट्रेलिया का है जिसमें अनुष्का शर्मा भी नज़र आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अथिया अनुष्का शर्मा के पीछे स्ट्रिप टॉप और डेनिम लॉन्ग स्कर्ट में नज़र आ रही हैं। वहीं, [illegible] अनुष्का नेवाइट वाइट और बेज पैंट कैरी किया है। दोनों नितीश कुमार रेडी के परिवार से मिलने के बाद क्रिकेट स्टेडियम में घूमती नज़र आई। राहुल और अथिया ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद जनवरी 2023 में शादी कर ली थी।

# अमिताभ के घर में घुस गए थे मीका...



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड गायक मीका सिंह ने अमिताभ बच्चन को लेकर बात की है। एक बार उन्होंने बताया कि वे अमिताभ बच्चन की पार्टी में घुस गए थे। मीका सिंह ने बताया कि उनके भाई दलेर मेहंदी ने उनके साथ शरारत की थी, जब उन्होंने फोन पर बच्चन के एक नकली व्यक्ति को बुलाया और मीका से बात करवाई। उन्होंने कहा, हर साल, मिस्टर बच्चन अपने घर पर दिवाली मनाते थे, और मैं वहां से गुजरता था और सभी सजावट की प्रशंसा करता था। मैं हमेशा आमंत्रित होना चाहता था। मेरे पास एक बड़ी कार थी, [illegible] एक हम्मर, इसलिए मैं एक बार बिना निमंत्रण के उनके घर में घुस गया। मैंने कुछ चक्कर लगाए और बाहर निकल गया।' मैं उन्हें अपने शो में आमंत्रित करता था। मैं उन्हें संदेश भेजता था और वे जवाब देते थे, 'भगवान तुम्हारा भला करे।'

# फिल्म 'मुफासा' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम

**मुंबई।** मुफासा द लायन किंग का जलवा बॉक्स ऑफिस पर कायम है। पहले दिन आठ करोड़ 30 लाख रुपये से अपनी शुरुआत करने वाली यह फिल्म नौवें दिन भी शानदार कमाई करने में कामयाब रही। दूसरे शनिवार को फिल्म ने नौ करोड़ 25 लाख रुपए का कलेक्शन किया। इसी के साथ फिल्म का कलेक्शन अब 90 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन के नौवें दिन के कलेक्शन से आगे रही। रेयान रेनॉल्ड और ह्यू जैकमैन की फिल्म ने नौवें दिन सात करोड़ 25 लाख रुपए की कमाई की थी। वहीं बेबी जॉन ने पहले दिन फिल्म ने महज 11.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को 57.78 फीसदी की गिरावट के साथ फिल्म ने चार करोड़ 75 लाख रुपए की कमाई की। तीसरे दिन फिल्म का हाल और भी बुरा रहा।

## टीवी मसाला

# सलमान संग शादी की खबर पर संगीता ने दिया जवाब...


**नई दिल्ली।** सलमान खान अपनी लव लाइफ को लेकर हमेशा से खबरों में बने रहे हैं। एक्टर का नाम ऐश्वर्या राय, कैटरीना कैफ, सोमी अली के साथ जुड़ा। संगीता बिजलानी के साथ तो उनके शादी के कार्ड तक छप गए थे।



लेकिन बात शादी तक नहीं पहुंची। सलमान संग शादी के सच को संगीता बिजलानी ने कन्फर्म भी किया है। हाल में एक्ट्रेस इंडियन आइडल के शो पर पहुंची थीं। इसी दौरान एक कंटेस्टेंट ने जब दबंग खान से शादी के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस मना नहीं कर पाई। इंडियन आइडल के नए प्रोमो में संगीता बिजलानी को बतौर गेस्ट के तौर पर देखा जा सकता है। कंटेस्टेंट रितिका राज सिंह ने एक्ट्रेस से सलमान खान संग शादी के कार्ड छपने की सच्चाई के बारे में पूछ लिया जिसे संगीता इग्नोर नहीं कर पाई। कंटेस्टेंट ने पूछा 'हमने सुना है कि आआप और सलमान सर के शादी कइ कार्ड छप गए थे?' शो के जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी के साथ बैठीं संगीता ने कहा 'हां, ये झूठ तो नहीं है।'रिपोर्ट की मानें तो सलमान अपना फिल्मी करियर शुरू होने से पहले ही संगीता के साथ रिलेशनशिप में थे। दोनों ने करीब आठ साल एक दूसरे को डेट किया। शादी के कार्ड भी छप गए थे। लेकिन किसी बंधन में बंधने से पहले ही दोनों अलग हो गए। दोनों के ब्रेकअप के पीछे की सही वजह से सामने नहीं आई।


## अनिरुद्ध के पिता ने ललॉन को दिया ये ऑफर, बस्तीवालों ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में बोस परिवार मुसीबत से जूझ रहा है। अनिरुद्ध अपने पिता के ही खिलाफ हो गया है। शुभो ललॉन को पैसे देने जाएगा। वहां, बस्ती में उसे सब घेर लेंगे। बिपाशा और मृणालिनी के बीच भी बहस देखने को मिली। स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि झनक मुंबई चली गई है और वो किडनैप हो गई है। वहीं, अनिरुद्ध के परिवार पर भी मुसीबत आ गई। अनिरुद्ध के परिवार को सात दिनों में अपना घर खाली करके जाना है। इस मुसीबत से बचने के लिए अनिरुद्ध के पिता, माता, बिपाशा और लाल बस्ती में जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता के बस्ती में पहुंचते ही सभी बस्ती वाले वहां आ जाएंगे। अनिरुद्ध के पिता को डर है कि उनके हाथ से उनका पैसा और घर जानेवाला है। अनिरुद्ध के पिता जैसे ही ललॉन के घर पहुंचेंगे वो उसे बाहर से ही आवाज देने लगेंगे। उनके आवाज देने पर बस्ती के लोग भी ललॉन के घर के बाहर आ जाएंगे। वो सब अनिरुद्ध के परिवार को देखकर गुस्सा करेंगे। बिपाशा जैसे ही कुछ बोलेगी बस्ती के लोग उसका मुंह बंद करवा देंगे।



# 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने का सारा ने मनाया जश्न...

**मुंबई।** सारा अली खान ने अपनी एक्शन कॉमेडी फिल्म 'सिम्बा' के छह साल पूरे होने सोशल मीडिया पर फिल्म की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में फिल्म के लाजवाब सींस ने प्रशंसकों का दिल फिर से एक बार जीत लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। इसी बीच सारा ने रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिम्बा' की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रही हैं। सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर फिल्म सिम्बा की शानदार झलक दिखाई है, जिसमें उनके और रणवीर सिंह के कई शानदार सींस देखकर प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। यह फिल्म 28 दिसंबर, 2018 में रिलीज हुई थी और आज इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे छह साल हो गए हैं। इसी मौके पर सारा ने फिल्म के कुछ शानदार पलों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर प्रशंसकों को सरप्राइज दिया है।



# देश ही नहीं, दुनियाभर में साल 2024 में बजा इन बॉलीवुड फिल्मों का डंका...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ तक भारतीय सिनेमा में कई फिल्मों ने इस साल सिनेमाघरों में दस्तक दी। कुछ पर दर्शक मेहरबान हुए तो रिकॉर्ड टूटे, वहीं कुछ फिल्में कब आईं और चली गईं पता नहीं चला। कुछ ऐसी फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल किया ही, ग्लोबर स्तर पर भी झंडा बुलंद किया। देश के साथ-साथ विदेशों में इन फिल्मों ने जमकर नोट छापे।

**हनुमैन :** प्रशांत वर्मा के निर्देशन में यह फिल्म साउथ में रिलीज हुई। हिंदी भाषी दर्शकों तक भी इसे दर्शकों तक पहुंचाया गया। करीब 20 से 25 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इतना ही नहीं, विदेशों में भी इस फिल्म को दर्शक बड़ी संख्या में देखने आए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने 201.63 करोड़ रुपए का इंडिया नेट कलेक्शन किया। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई 295 करोड़ रुपए रही।

**लापता लेडीज :** किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्म साबित हुई है। यूं तो इसे बहुत कम बजट में बनाया गया, लेकिन इसने कमाई अच्छी की है। कमाई से ज्यादा इसे तारीफें खूब मिली हैं। इस साल इसे भारत की तरफ से ऑस्कर में आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भी भेजा गया, हालांकि अंतिम सूची में यह जगह नहीं बना पाई। भारत में यह फिल्म जब थिएटर्स में रिलीज हुई तो खास नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर आने के बाद इसने तहलका मचा दिया। फिर इसे विदेशों में





रिलीज किया गया और वहां भी दर्शकों से इसे प्यार मिला। भारत में इस फिल्म ने 20.58 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कारोबार 27.06 करोड़ रुपए रहा।

**शैतान :** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' भी इस लिस्ट में शामिल है। यूं तो इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज हुईं-इनमें 'मैदान' से लेकर 'औरों में कहां दम था', 'नाम' और 'सिंघम अगेन' तक शामिल है। मगर उनकी फिल्म 'शैतान' का जो जलवा रहा, वह किसी का नहीं रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म करीब 60 से 65 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनाई गई। दुनियाभर में इसने 211 करोड़ रुपए का कारोबार कर डाला।

**कल्कि 2898 एडी :** इस साल जून में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई। नाग अश्विन के निर्देशन में इस फिल्म को भारतीय दर्शकों ने खूब सराहा। इस फिल्म में वीएफएक्स का भी खूब कमाल दिखा। करीब 600 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपए कमाए। ओटीटी पर यह फिल्म नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

## मनोरंजन नहीं करती थीं फिल्में, ऑडियंस के लिए हुआ करते थे संदेश भी

# दर्शकों को आज भी याद हैं राजेश खन्ना के डायलॉग्स, मिलते हैं जिंदगी के सबक

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना की फिल्में सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन नहीं करती थीं, उनमें ऑडियंस के लिए संदेश भी हुआ करते थे। इसके अलावा अभिनेता की कई फिल्मों के डायलॉग्स भी खूब मशहूर हुए, इन डायलॉग्स में भी दर्शकों को जिंदगी के लिए गहरे सबक दिए गए हैं।*



### 'हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं'

फिल्म आनंद (1971) में राजेश खन्ना ने एक बीमार व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिसे पता है कि वह जल्द मर जाएगा लेकिन वह जिंदादिली से जिंदगी को जीता है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने भी अभिनय किया था। इस फिल्म के अधिकतर डायलॉग्स फेमस रहे हैं। लेकिन सबसे मशहूर डायलॉग ये है- 'बाबू मोशाय.. जिंदगी और मौत ऊपर वाले के हाथ है जहांपनाहइसे न तो आप बदल सकते हैं न मैं.. हम सब तो रंगमंच की कठपुतलियां हैं जिनकी डोर ऊपर वाले की उंगलियों में बंधी है।' यह डायलॉग राजेश खन्ना का किरदार आनंद, अमिताभ बच्चन के किरदार से कहता है। आज भी यह डायलॉग दर्शकों के मन में बसा हुआ है क्योंकि इसमें जिंदगी को जीने का गहरा सबक छिपा है।

### 'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर'

फिल्म 'हाथी मेरे साथी (1971)' में राजेश खन्ना ने हाथियों के साथ शूटिंग की थी। यह फिल्म इंसान और जानवरों के बीच के एक अलग तरह के गहरे लगाव की कहानी को कहती है। इसी फिल्म का एक डायलॉग है-'इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर सबसे खतरनाक जानवर है। इस डायलॉग में राजेश खन्ना का किरदार ऐसे इंसानों की बात कर रहा है, जो बहुत ही खतरनाक हैं, उन्होंने ऐसे ही लोगों को सबसे खतरनाक जानवर कहा। आज भी इंसान के रूप में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो अमानवीय काम करते हैं, इंसानियत को शर्मसार करते हैं।

### 'इंसान को दिल दे जिस्म दे, दिमाग दे'

फिल्म 'रोटी (1974)' का एक डायलॉग दर्शकों के मन को विचलित करने की क्षमता रखता है। आज भी इस डायलॉग में कही गई बातें, हमारे समाज की सच्चाई हैं। फिल्म 'रोटी का यह डायलॉग है-'इंसान को दिल दे, जिस्म दे, दिमाग दे लेकिन ये कमबख्त पेट मत दे, उसे पेट देता है तो उसे भूख मत दे, उसे भूख देता है तो दो वक्त की रोटी का इंतजाम करके भेज वरना तुझे इंसान को पैदा करने का कोई हक नहीं है।'

### 'बड़ा आदमी तो वो होता है'

फिल्म 'अवतार (1983)' में राजेश खन्ना का खुद्दार इंसान का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। इसमें एक डायलॉग है- 'बड़ा आदमी तो वो होता है, जो दूसरों को छोटा नहीं समझता, यह डायलॉग बताता है कि कोई भी इंसान बड़ा या छोटा नहीं होता है, सभी समान हैं।

### 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है'

फिल्म आराधना (1969) में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इस फिल्म का एक डायलॉग्स बहुत ही मशहूर है, जो इस तरह से है- 'एक छोटा सा जख्म बहुत गहरा दाग बन सकता है और एक छोटी सी मुलाकात जीवन भर का साथ बन सकती है।' यह डायलॉग फिल्म का हीरो, हीरोइन से कहता है।

### 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते'

*फिल्म 'अमर प्रेम (1972)' का 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते, आई हेट टियर्स' डायलॉग तो राजेश खन्ना की पहचान का अहम हिस्सा बन गया। आज भी जब राजेश खन्ना का नाम सुनाई पड़ता है तो 'आई हेट टियर्स' वाला डायलॉग ही सबसे पहले दर्शकों के मन में आता है।*

### 'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में'

*फिल्म 'बावर्ची (1972)' राजेश खन्ना की एक शानदार फिल्म रही। इसमें भी जिंदगी के लिए बहुत से सबक हैं। एक डायलॉग इस फिल्म का है-'किसी बड़ी खुशी के इंतजार में, हम ये छोटी-छोटी खुशियों के मौके खो देते हैं। यह डायलॉग जब राजेश खन्ना फिल्म में कहते हैं, तो लगता है कि दर्शकों को जिंदगी जीने का कारगर मंत्र दे रहे हैं।*

# बजरंग दल ने शहर में किया शौर्य पथ संचलन का आयोजन



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के द्वारा अपना वार्षिक कार्यक्रम शौर्य पथ संचलन का आयोजन सोमवार को स्थानीय रंगमंच में किया गया। जहां विभाग स्तर के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि बजरंग दल सदैव ही हिन्दू समाज के साथ खड़ा है। बजरंग दल का जन्म ही संघर्ष में हुआ है और विगत 40 वर्षो से हिंदू मान बिंदुओं की रक्षा , गौरक्षा, गौसेवा, लव जिहाद से बहन बेटियों की सुरक्षा, धर्मांतरण से सुरक्षा, मठ मंदिरों की सुरक्षा जैसे अनेक कार्य दल करता आ रहा है और अनवरत करता रहेगा। आयोजन के दौरान हिन्दू समाज के प्रत्येक युवाओं को बजरंग दल से जोड़ने की अपील की गई। पश्चात उक्त शौर्य संचलन नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए रंगमंच मैदान पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

उक्त कार्यक्रम में आर एस एस के विभाग कार्यवाह अमरदीप देवांगन, विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री मदन मोहन शर्मा, विभाग मंत्री संदीप सोनी, बजरंग दल के विभाग संयोजक दिनेश साहू, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील पांडेय, जिला मंत्री संजय देवांगन, उत्पल चटर्जी, बजरंग दल जिला संयोजक सुजीत सिंह, जिला सह संयोजक अनुज साहू व प्रहलाद निषाद तथा विभिन्न प्रखंडों , खंडों व ग्रामों से आए हुए बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उक्त कार्यक्रम में शामिल रहे।

# नववर्ष पर हुड़दंगियों से निपटने पुलिस ने की व्यापक तैयारी

## पिकनिक स्थलों सहित नशे में या रैश ड्राइविंग पर होगी सख्त कार्रवाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अगर आप नए साल का जश्न मनाने जा रहे हैं और नशे में हैं या फिर रैश ड्राइविंग कर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि नए वर्ष में हुड़दंगियों को रोकने के लिए जिले की पुलिस ने विशेष तैयारी की है। किसी परेशानी अथवा कार्यवाही से बचने के लिए संयमित रहकर नए वर्ष का जश्न मनाए अन्यथा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने वर्ष की विदाई व नववर्ष 2025 के आगमन पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों, पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सीएसपी, एसडीओपी सहित थाना-चौकी प्रभारियों को रात्रि 1 बजे तक प्रभावी रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने, फिक्स प्वाईंट पर सजगता से चेकिंग करने, ड्रंक एंड ड्राईव और यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही तथा नए वर्ष में जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर सूरजपुर पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी। बैठक में एएसपी संतोष महतो व थाना प्रभारीगण सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नव वर्ष में ड्रंक एंड ड्राइव, रैश ड्राइविंग, दो पहिया वाहन में तीन सवारों की चेकिंग की जाएगी। इसके लिए



जिले के थाना क्षेत्र में 22 चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। 31 दिसंबर की मध्य रात तक जांच की गई वहीं आज 1 जनवरी को दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक चेकिंग की जाएगी। ऐसे में नशे में या नियमों का उल्लंघन करते पकड़े जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने यह भी बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंट करने और सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस के अधिकारी व जवानों की तैनाती के साथ ही पेट्रोलिंग पाटी का गठन किया गया है जो चिन्हांकित स्थानों व मार्गो पर निगरानी रखेंगे। इसके अलावा सभी सीएसपी एसडीओपी भी चौक-चौराहों पर सक्रिय होकर ड्यूटी करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त रखेंगे।

### पिकनिक स्पॉट पर रहेगी पुलिस बल तैनात

नए वर्ष के स्वागत के दौरान जिले के पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी पिकनिक स्थलों पर तैनात पुलिस अधिकारी व जवानों को निर्देशित किया गया है कि यहां आने वाले लोगों को सुरक्षा के लिहाज से उन्हें सावधानी बरतने, झरना, जल स्त्रोतों, पोखरी के प्रतिबंधित स्थलों की ओर न जाने की समझाईश देने और सतर्कता बरतते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही होमगार्ड के प्रशिक्षित गोताखोरों को भी तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद मिल सके।

### एसएसपी की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर ने आमजन से अपील की है कि नव वर्ष के अवसर पर गलत अफवाहो पर ध्यान ना दें और यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को देवें। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है। नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी, साथ ही अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करे। किसी भी संदिग्ध असामान्य गतिविधि या संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन पुलिस कर्मियों या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9479193999 पर सूचना दे। सूरजपुर पुलिस आपकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

## चोरी का कोयला बोरी में भरकर बाइको से परिवहन करते 6 धराए

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** चोरी का कोयला बोरी में भरकर मोटर सायकल से परिवहन कर रहे 7 लोगो को पुलिस ने पकड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध बड़ी लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते सोमवार की रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम साल्ही की ओर से काफी मात्रा में मोटर सायकल चालक के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम ने ग्राम रामपुर में घेराबंदी कर प्रदीप साहू, अजय साहू, सुदामा साहू, विरेन्द्र साहू ग्राम साल्ही, रनसाय राजवाड़े ग्राम अधियारी एवं चैन सिंह ग्राम दवना को मोटर सायकल में बोरी में कोयला भरकर परिवहन करते पकड़ा जो



कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-4)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर 14 बोरी कोयला एवं परिवहन में प्रयुक्त 7 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व उनकी टीम सक्रिय रही।

# अभिनव पहल : नववर्ष पर पांडेय पैथोलॉजी लैब ने बीपीएल परिवारों को दी बड़ी राहत

## पूरे साल गरीब परिवारों को आधे कीमत पर मिलेगी स्वास्थ्य जांच की सुविधा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** आज के इस भागदौड़ की जिंदगी में खुद को स्वस्थ्य रखना एक बड़ी चुनौती है और जिस ढंग से स्वास्थ्य सेवा आज के दौर में एक व्यापार में तब्दील हो गया है उस दौर में किसी की सेहत खराब हो जाये तो समझिए उसका बेड़ा गर्क है ।स्वास्थ्य जांच के नाम पर लोगो की न केवल जेब ढीली हो जा रही बल्कि कमर भी टूट जा रही है। ऐसे में नगर की सबसे पुरानी और लगभग 32 वर्षो से संचालित लैब ने गरीबो को बड़ी राहत देने की तैयारी की है। वर्ष 2025 में उनके यहां होंने वाली जांच में आधी रकम ली जाएगी ।पांडेय लैब के संचालक ओंकार पांडेय ने बताया कि उन्होंने नए वर्ष 2025 से यह फैसला लिया है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो की उनके लैब में उपलब्ध किसी भी तरह की जांच वे आधी रकम में करेंगे ।उन्होंने बताया कि इसके लिए मरीजो को साथ मे गरीबी रेखा का कार्ड लेकर आना होगा ।श्री पांडेय ने बताया कि नव वर्ष में बीपीएल परिवार का राशनकार्ड की फ़ोटो कॉपी देकर आधे कीमत पर जांच की सुविधा ले सकते है। उनके यहां ब्लड शुगर, लीवर, किडनी, शुगर, मलेरिया,




टाइफाईड, थायराइड, एक्सरे सहित सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है ।उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में जांच में लोगो के काफी खर्च हो जाते है जिससे कई बार गरीब तबके के लोग इस खर्च को वहन कर पाने में असमर्थ हो जाते है इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह निर्णय लिया है और यह सुविधा पूरे वर्ष लागू रहेगी।

# यातायात नियमों के प्रति पुलिस ने किया स्कूली बच्चों को जागरूक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्राचार्य को कहा कि बच्चों को बताएं कि बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं और न ही चलाने दें।



नशे में किसी को वाहन न चलाने दें। घर में जाकर अपने अभिभावकों और पड़ोसियों को भी अपने


यातायात प्रभारी यहां के स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल पहुंचे और विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली यातायात प्रभारी फर्दीनंद कुजूर ने कहा कि यातायात के नियमों का सभी को पालन करना चाहिए। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल राइडिंग न माध्यम से यातायात नियमों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। इस दौरान यातायात पुलिस ने ट्रैफिक नियमों से संबंधित पम्पलेट विद्याथियों को वितरित किया।

# वाचिंग टॉवर से दिखता है रकसगंडा झरने का खूबसूरत नजारा

## पिकनिक स्पॉट रकसगंडा में उमड़ रहा ज़न सैलाब

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय का दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। यहां कई झरने है जिनकी सुंदरता देखते ही बनती है। इन्हीं झरनों में से एक है रकसगंडा झरना। जो लोगों के लिए पसंदीदा जगह बन गया है। यहां साल भर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। रेण नदी पर बहने वाला यह झरना जिले के दूरस्थ अंचल चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में है, जहां से एमपी, यूपी राज्य और बलरामपुर जिले का बॉर्डर है। रकसगंडा जल प्रपात व लफरी वाटरफॉल को देखने कई पर्यटक यहां पहुंचते हैं। सरहदी इलाके में होने की वजह से रकसगंडा झरने में एमपी और यूपी के सैलानियों का आना-जाना ज्यादा लगा रहता है। यहां पूरे साल लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। अब रकसगंडा झरने के पास पर्यटन विभाग ने सुविधाओं का विस्तार किया है। वहां घूमने पहुंचने वालों के लिए वॉच टॉवर भी बनाया गया है, जिसके ऊपर से झरने का मनमोहक दृश्य देखा जा सकता है। वहीं पिकनिक मनाने वाले के लिए अलग से जगह निर्धारित कर दिया गया है, जहां बैठने के लिए भी व्यवस्था की गई है। साथ ही धूप से बचने के लिए छत भी बनाया गया है। गौरतलब है कि रकसगंडा झरना वनांचल इलाके में है। इस झरने के आस-पास तीन दिशाओं में सिर्फ पहाड़ और जंगल ही नजर आते हैं, जो सर्दी के मौसम में अत्यंत सुंदर दिखाई पड़ते हैं। इसके अलावा झरने की खास बात यह है कि यह नदी के बीच से बहता है। वहीं झरने के आसपास में दूर-दूर तक सिर्फ पत्थर ही पत्थर है और नदी पर एक डेम बना हुआ है, जिसके ऊपर बैठकर लोग समय गुजारते हैं। यहां वैसे तो पूरे वर्ष भर लोगो पहुंचकर मनमोहक नजारे का आनन्द लेते है। परंतु वनवर्ष पर यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक के लिए पहुंचते है।




# फाइलेरिया उन्मूलन हेतु महाविद्यालय के बच्चों ने ली शपथ



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां के महाविद्यालय में पी.सी.आई. के डी.एम.सी धीरज कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को फाइलेरिया रोग से बचाव तथा आगामी 10 फरवरी से चलने वाले एम.डी.ए. कार्यक्रम पर चर्चा की गई, साथ ही बच्चों के साथ फाइलेरिया को लेकर सवाल जवाब भी किये गए। सभी महाविद्यालय प्रोफेसर, एन.एस.एस. प्रभारी अनिल कुमार व छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन को लेकर शपथ भी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं सी.के. माहेश्वरी, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में10 से 28 फरवरी तक खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को यहां जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे आगामी 10 से 28 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा हुई। इस दौरान कलेक्टर के द्वारा लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण फाइलेरिया नियंत्रण गतिविधि के संबंध में जानकारी ली गई, जिले के 03 विकासखण्ड सूरजपुर, रामानुजनगर एवं प्रेमनगर के योग्य सभी जनसंख्या 2 वर्ष से कम बच्चो, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी, उन्होने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.डी. पैकरा द्वारा जानकारी देते हुए बताया की 10 से 14 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं



## जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बुथ लगाकर एवं 15 से 25 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर 26 से 28 फरवरी तक छुटे हुए लाभार्थियों को माप-अप राउंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एम.डी.ए. कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। उन्होने बताया की फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खाना है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विवेक सदन नाविक मलेरिया सलाहकार, सी.के. माहेश्वरी, धीरज सिंह डी.एम.सी. पी. सी. आई. ज्योतिरादित्य सिंह उपस्थित रहे।

### उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस, वन एवं परिवहन

### विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य - कलेक्टर

जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस, वन एवं परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। जिला कार्यालय खनिज शाखा अंतर्गत ग्राम पंचायतो द्वारा रेत खदान हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर प्रतिवेदन, अनापत्ति हेतु लंबित प्रतिवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने का प्रतिवेदन खनिज विभाग को प्रेषित किये जाने राजस्व एवं वन विभाग को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त वनमण्डलाधिकारी को भी संज्ञान में लाया गया कि वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में करायें जाने वाले कार्यो को रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्राप्त करने उपरांत ही संबंधित ठेकेदार का अंतिम भुगतान किया जायेगा।

# जिले के दूरस्थ अंचल लुल व खोहिर के ग्रामीणों संग सांसद मनाएंगे नव वर्ष, उत्साहित है ग्रामीण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ अंचल लुल व खोहिर के ग्रामीणों के साथ सरगुजा सांसद चिंतामणी



महाराज नव वर्ष मनायेंगे। गौरतलब है कि खोहिर प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत है जो करीब 30 किमी के दायरे में पहाड़ो पर बसा है। भौगोलिक परिस्थितियां के कारण यहां की समस्याएं और चुनौतियां भीं अलग हैं। यह क्षेत्र पंडो जनजाति बाहुल्य है और इस पंचायत में यह पहला मौका होगा जब कोई सांसद यहां पहुँच रहा है। इस गांव में सांसद श्री महाराज ग्रामीणों के साथ मिलकर यहां नव वर्ष का स्वागत करेंगे और ग्रामीणों के साथ समय बिताएंगे, सांसद यहां रात्रि विश्राम भी करेंगे उनके विश्राम के लिए यहां एक झोपड़ी तैयार की गई है। नए वर्ष के पहले दिन सांसद श्री महाराज ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल व उनकी समस्याएं जानेंगे, इस बात कि खबर से यहां के ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल है।

# स्नेह सम्बल वृद्धाश्रम में नि-क्षय निरामय के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** तिलसीवां स्थित स्नेह सम्बल वृद्धाश्रम में नि-क्षय निरामय के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह केन्द्र समाज कल्याण विभाग सुरजपुर एवं समाज सेवा संस्था छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर सरगुजा के द्वारा संचालित है। पिरामल फाऊंडेशन छत्तीसगढ़ इस केन्द्र लिए स्वास्थ्य विभाग से एडवोकेसी कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से प्रयत्नशील रहती है। वर्तमान समय में विशेष रूप से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय निरामय कार्यक्रम अन्तर्गत टीबी का सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत इस केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के.डी.पैकरा और जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जे एस आर सरूता उपस्थित होकर आश्रम में मौजूद वृद्धजनों का हालचाल जाना एवं स्वास्थ्य सेवाएं व समस्याओं पर चर्चा किया। वृद्धाश्रम की अधिक्षिका पायल गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव सुरेन्द्र साहू के निर्देशन मे सभी लोगो का टीबी के लिए बलगम जांच हो चुका है। वृद्धाश्रम मे निवास रत किसी भी व्यक्ति को टीबी की पुष्टि नहीं हुई है। अथवा सभी लोग टीबी के संक्रमण से मुक्त है। जब- जब टीबी का जांच होता है तो उसके साथ ही साथ सुगर बीपी आदि की भी जांच की जाती है। एएनएम ममता पैकरा ने बताया कि माह में दो बार इस केन्द्र में आकर लोगों की स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या के विषय में जानकारी ले दवा उपलब्ध कराते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के.डी.पैकरा ने कहा कि नि-क्षय निरामय कार्यक्रम का सौ दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान में सभी का सहयोग आवश्यक है। शासकीय और गैर शासकीय संस्थाओं से बेहतर समन्वय स्थापित कर सम्पूर्ण रूप से सूरजपुर को टीबी मुक्त जिला बनाना है। जहां भी लगे कि मेरी आवश्यकता है मुझे जानकारी दे मैं स्वयं उस स्थान और संस्थान में जाऊंगा। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जे एस आर सरूता ने कहा कि बुढ़ापा कोई बिमारी नहीं है। एक दिन इस अवस्था से सबको गुजरना है। इस लिए सभी को प्रसन्नचित्त होकर जीवन जीना चाहिए। यदि किसी को समस्या है तो उसका समाधान भी है। मधुर वाणी और व्यवहार से दिल जीता जा सकता है। पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र तिवारी ने कहा कि टीबी की जांच इस लिए करायी जा रही है कि संक्रमित व्यक्ति का पहचान हो सके। जांच में किसी को टीबी नहीं निकाला तो खुशी की बातें है।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमेश का चयन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में जिले के सोमेश सिंह लामा छत्तीसगढ़ राज्य का



प्रतिनिधत्व दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में करेंगे।

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 2 से 8 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ सेक्रेटेरिएट की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से महिला वर्ग से श्रीमती संगीता राजगोपालन, हेमीन भागे, मनीषी सिंह, अजीत कुजूर, हर्षिता अग्रवाल, वर्षा चंद्राकर का चयन हुआ है। पुरुष वर्ग में सोमेश सिंह लामा, युवराज साहू, नितेश महंत, हितेश तिवारी, शेख अब्दुल हलीम , अभिजीत , आनंद धर दीवान, सुदेश तिवारी, बी. प्रकाश मूर्ति, दयानंद पटेल, रितेश अग्रवाल छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे। इस टीम में मैनेजर के रूप में योगेश कुमार यादव एवं कोच की भूमिका में विनय रंजन को छत्तीसगढ़ टीम की जिम्मेदारी दी गई है।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

सरगुजा फ्रंटलाइन

# अतीत को अलविदा कहकर, आशाजनक नए साल की सुबह को गले लगाने आतुर लोग

## अलविदा 2024 में हुआ खूब धूम-धड़ाका, देर रात नव वर्ष 2025 का स्वागत

■ आज मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ करेंगे समाज, परिवार के खुशहाली की कामना

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** साल 2024 का मंगलवार को आखिरी दिन है। 31 दिसंबर की सुबह कोहरे से भरी और ठंडक लिए रही। दिन में 11 बजे के लगभग सूर्य देवता का लुकाछिपी के बीच दर्शन हुआ, इसके बाद लोगों ने धूप का आनन्द लिया। शाम होते ही जगह-जगह अलविदा 2024 में खूब धूम-धड़ाका हुआ और देर रात नव वर्ष 2025 का स्वागत लोगों ने किया। बुधवार, 01 जनवरी 2025 को लोग सभी धार्मिक स्थलों में लोग पूजा-पाठ, अरदास करके परिवार, समाज, देश-प्रदेश में खुशहाली और अमन, शांति, भाईचारा की भावना बनी रहे, इसके लिए दुआ मांगेंगे।

इसके पहले से वर्ष 2024 की विदाई की तैयारियों के आड़ में पिकनिक स्पॉट पर परिवार या फिर मित्रों की टोलियों के साथ लोग आनन्द लेते रहे। पिकनिक स्पॉट में 25 दिसम्बर से ही लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। नव वर्ष में होने वाली युवाओं की धमाचौकड़ी को देखते हुए सपरिवार पिकनिक का आनन्द लेने लोग शहर के संजय पार्क, ऑक्सीजन पार्क, वाटर पार्क, बांकी डैम जैसे अन्य स्थलों पर पहुंच रहे थे। इधर वर्ष 2024 की विदाई बेला और नए वर्ष की पहली को होने वाली भीड़ को देखते हुए शहर के मंदिरों, पार्कों सहित पिकनिक स्पॉट पर भी पुलिस तैनात रहेगी। प्राकृतिक आभा का आनन्द लेने के लिए लोग सरगुजा जिले में स्थित छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट, घुनघुट्टा, घाघी जैसे स्थलों में भी बहुतायत में पहुंचेंगे। बात करें सरगुजा में पर्यटन स्थलों की तो प्रकृति की खूबसूरत वादियों के बीच कई ऐसे स्थल जगह-जगह मौजूद हैं, जहां लोग विभिन्न अवसरों पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए पहुंच जाते हैं। कहीं पहाड़ियों के बीच से कल-कल बहता झरना देखने को मिलता है, तो कहीं नौकायन का परिदृश्य लोगों को मोहित कर रहा है। ऐसे पलों का साक्षी बनने का बहाना लोगों को विशेषकर नव वर्ष के मौके पर कुछ अधिक ही मिलता है। हालांकि कुछ प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट में बीते कुछ वर्षों में बनी अप्रिय स्थिति के कारण शहर वासी ऐसे स्थलों से दूरी भी बनाने लगे हैं। बहरहाल 2024 के सूर्यास्त के साथ लोगों को 2025 के सूर्योदय का इंतजार है। हालांकि बीता वर्ष कई लोगों को खुशी के साथ गम भी दे गया। कई ऐसी घटनाओं से साक्षात्कार हुआ, जिससे लोगों की आंखें नम हो गई। उम्मीद है कि नया वर्ष जिले व प्रदेश वासियों के लिए नई ऊर्जा का प्रतीक होगा, लोग अतीत को अलविदा कहकर आशाजनक नए साल की सुबह को गले लगाएंगे। नया वर्ष आकांक्षाओं और आशावाद से भरा हुआ होगा, ऐसी उम्मीद है।





### अनैतिक गतिविधियों, कोलाहल व यातायात व्यवस्था पर 250 पुलिस अधिकारी, सहयोगी रखेंगे नजर

2024 की विदाई और 2025 के स्वागत के बहाने कहीं अप्रिय स्थिति न बने, इसे देखते हुए सरगुजा पुलिस अलर्ट है। पुलिस ने सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के लिए विशेषकर कोलाहल और यातायात नियमों पर जोर दिया है और 250 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पुलिस के द्वारा तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले साइलेंसर अथवा ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले संशोधित वाहनों को जब्त कर, चालानी कार्यवाई की जाएगी। पुलिस के द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स, चेकिंग प्वाइंट्स और सुरक्षा उपायों का पालन करने कहा गया है, ताकि सुरक्षित और शांतिपूर्ण नव वर्ष लोग मना सकें। सार्वजनिक स्थल पर अनुचित आचरण, अशिष्टता अथवा दुर्व्यवहार करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समयावधि के उपरांत तेज आवाज में संगीत बजाने अथवा डीजे का उपयोग करने पर ध्वनि प्रदूषण, नियमन एवं नियंत्रण नियमावली 2000 के कार्रवाई करते हुए उपकरण जब्त किए जाएंगे एवं जुर्माना लगाया जाएगा।

### आपातकालीन स्थिति के लिए नम्बर जारी

पुलिस अधीक्षक ने आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए डॉयल 112 अथवा 94791-93599 पर संपर्क करने कहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 181 तथा आपात चिकित्सा की स्थिति में 108 नंबर पर डॉयल करके संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि पुलिस की टीम हर समय सहायता हेतु तत्पर रहेगी। उन्होंने सभी से सुरक्षित, शांतिपूर्ण नववर्ष सुनिश्चित करने का आव्हान किया है और जिले के नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।

### पानी भरते समय कुएं में गिरी महिला की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में कुएं में डूबने से अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना के समय मृतक का पति मवेशी चराने गया था।

जानकारी के मुताबिक केशवपुर निवासी भोली सिंह पति हरि सिंह 50 वर्ष, सोमवार को कुएं से पानी खींचते समय संभवत: पैर फिसलने से बाल्टी सहित कुएं में गिर गई थी। मवेशी चराने के लिए गया पति दोपहर में घर पहुंचा तो उसकी पत्नी नजर नहीं आई। आवाज लगाने पर भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद वह हाथ-पैर धोने के लिए कुएं के पास गया। बाल्टी आसपास नजर नहीं आने पर वह कुएं में झांका तो अंदर बाल्टी और पत्नी का शरीर नजर आया। घटना की सूचना मणिपुर थाना में दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को बाहर निकलवा कर पंचनामा किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पुलिस टीम अंबिकापुर विजेता, शिवनगर उप विजेता

## लड़कियों ने भी फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान दिखाया जौहर

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** उदयपुर विकासखंड के ग्राम करौंदी खुटारापारा में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुलिस टीम अंबिकापुर और शिवनगर के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस टीम ने 3-0 गोल करके खिताब में कब्जा किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुत्र राहुल अग्रवाल थे। इन्होंने अपने विधायक पिता राजेश अग्रवाल के निर्देशानुसार खेल मैदान के समतलीकरण एवं चबूतरा निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की।



जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लगभग 32 टीमों ने प्रवेश लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पुलिस टीम अंबिकापुर और शिवनगर के मध्य खेला गया, जो रोमांस से भरा हुआ था। फाइनल मुकाबल देखने के लिए आसपास के खेल प्रेमी काफी संख्या में पहुंचे थे। खेल मैदान खचाखच भरा था। पहले हॉफ में अंबिकापुर पुलिस टीम ने एक गोल दाग कर 1-0 की बढ़त बनाई। शिवनगर की टीम इस बढ़त का बराबरी नहीं कर सकी, दूसरे हॉफ में अंबिकापुर की पुलिस टीम लगातार 2 गोल दाग कर 3-0 से आगे रही और शिवनगर की टीम को पराजित किया। आयोजकों द्वारा लड़कियों के मध्य एक सदभावना मैच का आयोजन कराया गया था, जो चंदननगर और उमेश्वरपुर के मध्य खेला गया, जिसमें चंदननगर ने 1-0 की बढ़त बनाकर मैच जीत लिया। विधायक पुत्र के अलावा जनपद पंचायत की अध्यक्ष भोजवंती सिंह ने विजेता टीम और उप विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी, उप विजेता टीम से आने वाले समय में और अच्छा प्रदर्शन करने की अपेक्षा व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी और अखंड विधायक ने आयोजन समिति को बधाई दी और कहा कि लड़कियों ने भी बेहतर खेल प्रदर्शन किया। इनके द्वारा किया गया प्रदर्शन अन्य बहनों को भी फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करेगा और आने वाला समय में फुटबॉल के प्रति इनकी रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम में सरपंच सोनकलिया पैकरा, शंभू प्रसाद, महेश जयसवाल, राम सिंह सिरदार, महिपाल सिंह, संतोष गुप्ता, चंदन सिंह, मनबोध मरकाम, विजय यादव, महेश पैकरा, भानु प्रताप सिंह, संजीत आयाम, अरेंद्र सिंह, अघन नेताम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत उप निरीक्षक की अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सेवानिवृत उप निरीक्षक की अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई। पुलिस अधीक्षक ने इन्हें शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी। विदाई सम्मान समारोह के दौरान ही इन्हें पी.पी.ओ. आदेश प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह दौरान पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि सेवानिवृत उप निरीक्षक लोहरा राम ने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन कर संवेदनशील पुलिसिंग में अपना सहयोग सरगुजा पुलिस को प्रदान किया है। अब हमें अपने सेवानिवृत हो रहे उप निरीक्षक एवं उनके परिवार के प्रति संवेदनशील रहकर पुलिस परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी है। कार्यलयीन अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी सेवानिवृत हो चुके अधिकारी, कर्मचारियों की सुध लेते रहें, किसी भी प्रकार की तकलीफ में त्वरित सहायता हेतु उपलब्ध रहें। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत उप निरीक्षक एवं उनके स्वजन को किसी भी समस्या की स्थिति में कार्यालय आकर प्रत्यक्ष रूप से मिलकर समस्या का निदान कराने कहा। उन्होंने सेवानिवृत उप निरीक्षक को स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं देकर निरंतर जीवन में प्रगति करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सेवानिवृत लोहरा राम से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवानिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई। विदाई सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, स्टेनो फबियानुस तिर्की, निरीक्षक अंजू चेलक, मुख्य लिपिक निरीक्षक (एम) अजय गुहा, सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, समस्त कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत पुलिस अधिकारी के स्वजन उपस्थित रहे।



# नववर्ष के कार्यक्रम के नाम पर नियमों की अवहेलना करने की नहीं मिलेगी छूट

## होटल व डीजे संचालकों ने गाइडलाइन का पालन नहीं किया तो होगी कार्रवाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नववर्ष के कार्यक्रमों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में होटल एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होटल संचालकों को गाइडलाइन के तहत कार्यक्रम करने, निर्धारित समय के भीतर डीजे संचालन करने सहित नाबालिगों के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। इन्हें होटल परिसर के प्रवेश एवं निकासी मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरा को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध रूप से चालू रखने कहा गया। डीजे का उपयोग तय गाइडलाइन के विपरीत होने एवं अनैतिक गतिविधि होते पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



नववर्ष के कार्यक्रमों के दौरान आमनागरिकों कों सुरक्षित वातावरण व बेहतर कानून व्यवस्था मिले, इसे देखते हुए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर में होटल एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने होटल संचालकों को नववर्ष के कार्यक्रमों के दौरान तय गाइडलाइन का पालन करने कहा। उन्होंने कहा नववर्ष के कार्यक्रम के नाम पर नियमों की अवहेलना करने की छूट किसी भी व्यक्ति या संस्था को नहीं दी जाएगी। होटल संचालक अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए होटल परिसर के अंदर होने वाली गतिविधियों को तय मानकों पर संचालित करें। अवैध शराब, अनैतिक गतिविधि को संरक्षण नहीं देने का आग्रह किया गया। साथ ही होटल परिसर में कार्यक्रम के दौरान साउंड सिस्टम की आवाज तय मानकों के अंतर्गत रखने एवं समय का विशेष ध्यान रखने के स्पष्ट दिशानिर्देश दिए गए। किसी भी नाबालिग को बिना वैध अनुमति या स्वजनों के बिना रूम प्रदान नहीं करने की समझाइस दी गई। आयोजन के दौरान तय समय सीमा में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे संचालित किए जाने हेतु कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी गई है। बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक एम.आर. कश्यप, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी मणीपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह सहित जिले के विभिन्न होटलों के प्रबंधक एवं डीजे संचालक उपस्थित रहे।

# पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में लहपटरा की टीम विजेता

## विधायक ने विजेता-उपविजेता टीमों को नगद राशि व शील्ड देकर पुरस्कृत किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम लहपटरा में स्टार बॉयज क्लब के द्वारा पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था, जिसका फाइनल मुकाबला मंगलवार को स्कूल ग्राउंड में लहपटरा और आमगांव के मध्य हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश साहू, बृज किशोर पांडे, सुरेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सचिन अग्रवाल, तबरेज खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे। विधायक राजेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लहपटरा की टीम ने 12 ओवर में 189 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आमगांव की टीम 12 ओवरों में 144 रन ही बना पाई। इस तरह ग्राम लहपटरा की टीम फाइनल मैच 50 रनों से जीतकर खिताब अपने नाम की। अतिथियों के हाथों विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद व शील्ड, उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नगद व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

# पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में 90 प्रतिशत छात्र हुए परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित

## आजाद सेवा संघ ने कॉलेज के गेट पर तालाबंद करके किया प्रदर्शन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के वाणिज्य विभाग में चतुर्थ सेमेस्टर से पंचम सेमेस्टर में प्रवेश कर चुके 90 प्रतिशत से अधिक छात्रों को जनवरी माह में होने वाली सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने से रोक दिया गया। इससे नाराज छात्रों ने गैर-राजनीतिक संगठन आजाद सेवा संघ के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। कॉलेज के गेट पर ताला बंद करके छात्रहित में फैसला लेने की मांग की गई।



छात्रों का आरोप है कि केवल एक विषय में बैक होने के बावजूद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है। ऐसा कोई नियम है इसके बारे में पहले कभी नहीं बताया गया था। छात्रों ने सवाल उठाया कि यदि उन्हें परीक्षा देने की पात्रता नहीं थी, तो टेस्ट, असाइनमेंट और सेमिनार क्यों करवाए गए। इस समस्या से प्रभावित छात्रों ने इसे शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन और प्रशासनिक लापरवाही करार दिया। संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा और संघ छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने छात्रों का नेतृत्व करते हुए प्राचार्य से मुलाकात की। उन्होंने इस मुद्दे को तुरंत सुलझाने और छात्रों को राहत देने की मांग की। उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि प्राध्यापकों द्वारा जान-बूझकर छात्रों को गुमराह किया गया है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रखा, लेकिन उनका आक्रोश इस बात पर था कि उनके भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्राचार्य ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। घटनाक्रम ने महाविद्यालय प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है और सवाल उठाया है कि क्या शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और संवाद की कमी छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। अब देखना यह है कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर